Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक -285 रविवार,21 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

ज्ञान की बातें

धैर्य और संतोष
जीवन-नौका की पतवार हैं
जो नौका को मंजिल तक
पहुंचाते हैं।
-मीनू कृष्ण-

संक्षिप्त समाचार

मोदी ने राजीव गांधी को उनकी जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली 20 अगस्त 2022। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी 78वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी।

श्री मोदी ने आज ट्वीट किया, ÷हमारे पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त 1944 को महाराष्ट्र के मुम्बई में हुआ था। वह भारत के सातवें प्रधानमंत्री थे। उनकी जयंती को 20 अगस्त को प्रत्येक वर्ष सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है।

कोविड टीकाकरण में 209.40 करोड़ से अधिक टीके लगे

नयी दिल्ली ,20 अगस्त 2022। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 209.40 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने यह शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक दो अरब 9 करोड़ 40 लाख 48 हजार 140 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 13 हजार 272 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या एक लाख एक हजार 166 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.23 प्रतिशत है।

महिलाओं को घूरना अब होगा अपराध

मोटर व्हीकल एक्ट में हुआ संशोधन

चेन्नई 20 अगस्त 2022। तमिलनाडु के संशोधित मोटर वाहन अधिनियम में अब एक प्रावधान दिया गया है, जिसके तहत बस में सवार महिलाओं को घूरने वाले किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता है। संशोधित अधिनियम के बाद राज्य में महिलाओं के खिलाफ सीटी बजाना, अश्लील इशारे करना और यौन शोषण जैसे गतिविधि भी अपराध की श्रेणी में आते हैं। संशोधित अधिनियम के तहत, बस कंडक्टर को किसी भी पुरुष यात्री को उतारना होगा या यात्रा के दौरान किसी महिला के साथ दुर्व्यवहार करने पर उसे पुलिस थाने को सौंपना होगा।

महिलाओं के खिलाफ अनुचित व्यवहार करने वाले कंडक्टरों को भी कानून के तहत कड़ी सजा मिलेगी। संशोधित अधिनियम में यह प्रावधान भी है कि यदि कोई कंडक्टर मदद करने के बहाने महिला यात्री को छूता है, तो उसे भी सजा मिलेगी। कंडक्टर महिला यात्रियों पर कोई मजाक या टिप्पणी करता है, तो यह भी अपराध माना जाएगा।

नियम के मुताबिक, कंडक्टर को एक शिकायत पुस्तिका बनाए रखनी होगी, जिसमें यात्री अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। यदि आवश्यक हो तो इस शिकायत पुस्तिका को मोटर वाहन प्राधिकरण या पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।

हिमाचल,उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में भारी बारिश से तबाही, कई घर और पुल बहे,15 की मौत

नई दिल्ली ,20 अगस्त 2022। उत्तर भारत में भारी मॉनसूनी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई है और 13 अन्य के मारे जाने की आशंका है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि राहत बचाव कर्मियों ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले का दौरा किया, जहां बाढ़ के पानी में दो घर बह गए और आठ लोगों की मौत हो गई।

उत्तर भारत के कई राज्यों में भारी मॉनसूनी बारिश का कहर जारी है। बारिश के बाद अचानक बाढ़ और भूस्खलन ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कई घर पानी में बह गए। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 13 अन्य लापता हैं, उनके जिंदा रहने की संभावना काफी कम है। राहत-बचाव दल खोजबीन में जुटी है।

युवती अपने घर वालों को नींद की गोली खिलाकर जाती थी प्रेमी से मिलने,गुस्से में मां-पिता ने बेटी का सिर धड़ से किया अलग

मेरठ, 20 अगस्त 2022। रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है. युवती अपने पड़ोसी से बहुत प्यार करती थी और उसी से शादी भी करना चाहती थी. लड़की अपने घर वालों को नींद की गोली खिलाकर आए दिन अपने प्रेमी से मिलने जाती थी. वहीं घर वालों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था. परिजनों ने युवती को बहुत समझाया, लेकिन नहीं मानी. गुस्से में सानिया के माता-पिता ने ही उसका कत्ल कर दिया. मां और पिता ने मिलकर अपनी बेटी का सिर धड़ से अलग कर दिया.

पूरा मामला उत्तर प्रदेश के मेरठ का है. लिसाड़ी गेट के पास मिले युवती धड़ की पहचान हो गई है. युवती की पहचान यहां के शालीमार गार्डन में रहने वाली सानिया के तौर पर हुई. धड़ की पहचान होने के बाद उसका सिर एक नाले से बरामद कर लिया गया है. पुलिस ने कत्ल की इस वारदात का हैरान करने वाला खुलासा किया है जिसे सुनकर किसी भी रूह कांप उठेगी. पुलिस के मुताबिक सानिया के माता-पिता ने ही उसका कत्ल किया था. सानिया का पड़ोसी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, वो उससे शादी करना चाहती थी लेकिन बेटी का ये फैसला उसके पिता का नामंजूर था.

एसपी सिटी विनीत भटनागर में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सानिया के धड़ से सिर को अलग करने में उसकी मां भी शामिल थी. सानिया का परिवार पहले रिहान गार्डन में रहता था, जहां पर उसका पड़ोसी वसीम से प्रेम प्रसंग चल रहा था. सानिया उससे शादी की जिद पर अड़ी थी, जिसके बाद परिवार ने तंग आकर रिहान गार्डन से घर बेचकर शालीमार गार्डन में खरीद लिया. लेकिन सानिया फिर भी नहीं मानी. वो अक्सर माता-पिता को नींद की गोलियां देकर वसीम से मिलने जाती थी.

पुलिस के मुताबिक कत्ल की रात भी सानिया ने अपनी मां को नींद की गोलीवाली चाय दी थी, लेकिन शक होने पर मां ने चाय नहीं पी. रात को करीब दो बजे जब सानिया वसीम से मिलने जाने लगी तो परिजनों ने उसे पकड़ लिया. इसके बाद पिता ने उसे जमीन पर पटक दिया और मां ने कसकर उसके हाथ पकड़ लिए. इसके बाद पिता ने जानवर काटने वाले छुरे से उसकी गर्दन काट डाली. हत्या की इस वारदात को छुपाने पिता ने साइकिल से उसके धड़ को लिसाड़ीगेट थाना इलाके के लखीपुरा इलाके में कब्रिस्तान के पास फेंक दिया था और सिर को ब्रहमपुरी थाना इलाके के नाले में फेंक दिया.

12 अगस्त को पुलिस को सानिया का धड़ मिला. लेकिन जब उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई तो पुलिस ने उसे सुपुर्द ए खाक कर दिया. इसके बाद पता चला कि वो धड़ सानिया का था. पुलिस ने जब इस मामले पर परिजनों से पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हो गया. इस वारदात में उसकी मां शहनाज भी शामिल थी. युवती की पहचान छुपाने के लिए ही उसके सिर और धड़ को अलग-अलग फेंका गया था. पुलिस के मुताबिक उसके सिर को भी उसी कब्र में दफनाया जाएगा जहां पर धड़ को दफनाया गया है.।

कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव

गैर-गांधी को अध्यक्ष बनाने की जिद पर अड़े राहुल, जानिए कब होना है नेशनल प्रेसिडेंट का चयन

नई दिल्ली, 20 अगस्त 2022। केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण पार्टी के अध्यक्ष चुनाव के लिए कांग्रेस कार्य समिति की मंजूरी का इंतजार कर रहा है. सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी. सूत्रों ने कहा कि CEA, जो संगठनात्मक चुनाव कराने के लिए अधिकृत है, ने के अंतिम निर्णय से पहले मतदाता सूची की प्रक्रिया पूरी कर ली है.

पार्टी के ज्यादातर नेताओं को लगता है कि राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालना चाहिए, लेकिन 2019 की चुनावी हार के बाद पद छोड़ने के बाद से इसे लेकर उनकी ओर से कोई स्पष्टता नहीं है. साथ ही कांग्रेस अंतरिम रूप से सोनिया गांधी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में जारी रखने और प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए प्लान बी तैयार कर रही है. एक और नाम चर्चा में है, जो सोनिया के वफादार माने जाते हैं. वो हैं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत. उन्होंने कथित तौर पर शीर्ष पद से इनकार किया है और कहा है कि राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में पदभार संभालना चाहिए.

देश के हर जिलों का दौरा करेंगे राहुल गांधी

ऐसा कहा जा रहा है कि 21 अगस्त से कांग्रेस चुनावी प्रक्रिया शुरू करने वाली थी, लेकिन अभी तक CWC की बैठक नहीं बुलाई गई है. अनुसूचित जाति के जिन नेताओं को शीर्ष पद दिया जा सकता है उनमें- सुशील कुमार शिंदे, मल्लिकार्जुन खड़गे और मीरा कुमार शामिल हैं. खड़गे राहुल गांधी के विश्वासपात्र हैं और कर्नाटक चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं. हालांकि, सूत्रों ने कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राज्य इकाइयों के साथ कई बैठकें की हैं. उन्होंने आम चुनावों से पहले देश के हर जिले का दौरा करने की भी योजना बनाई है. योजना को अंतिम रूप दिया जाना बाकी है.

संसद भवन में राजीव गांधी को जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

नई दिल्ली, 20 अगस्त 2022। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, के.सी. वेणुगोपाल, राजीव शुक्ला, जे.पी. अग्रवाल और जे.डी. सीलम के अलावा कई वर्तमान और पूर्व सांसदों ने भी संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में राजीव गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह और राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी के साथ ही अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को पुष्पांजलि अर्पित की।

बता दें कि भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 20 अगस्त, 1993 को संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में राजीव गांधी के चित्र का अनावरण किया था।

राजीव गांधी की जयंती पर राहुल प्रियंका ने अर्पित किये श्रद्धा सुमन

नयी दिल्ली 20 अगस्त 2022। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 78वी जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

श्री गांधी और श्रीमती वाड्रा ने आज सुबह पूर्व प्रधानमंत्री के समाधि स्थल वीरभूमि जाकर उन्हें नमन किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देने के लिए वीरभूमि पर पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद थे।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने पूर्व प्रधानमंत्री को उनकी जयन्ती पर नमन करते हुए कहा कि उन्होंने कई क्रांतिकारी कदम उठाए हैं जिससे देश की प्रगति की राह आसान हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में देश सेवा करने के लिए राजीव गांधी को सिर्फ एक कार्यकाल मिला जिसे अनेक ऐतिहासिक और दूरगामी उपलब्धियों के लिए याद किया जाता है। इनमें खास उपलब्धियों में सूचनाक्रान्ति, पंचायतीराज और युवाओं को मिला वोट का अधिकार महत्वपूर्ण है।

मोदी सरकार ने अरविंद केजरीवाल के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल को बदनाम किया : संजय सिंह

नई दिल्ली, 20 अगस्त 2022। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई की छापेमारी पर कहा कि मोदी सरकार, केजरीवाल के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल को बदनाम कर अरविंद केजरीवाल की देशभर में बढ़ती लोकप्रियता को रोकना चाहती है। दरअसल, मुद्दा शराब नीति नहीं है। मुद्दा यह है कि दिल्ली और पंजाब जीतने के बाद अरविंद केजरीवाल गुजरात कैसे पहुंच गए और दिल्ली की तरह वहां भी फ्री बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा देने की कैसे बात कर रहे हैं? अगर मुद्दा शराब नीति होती, तो सीबीआई का सबसे बड़ा छापा गुजरात में पड़ना चाहिए था, जहां 10 हजार करोड़ रुपए की नकली शराब का धंधा होता है। मोदी सरकार ने अरविंद केजरीवाल के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल को बदनाम करने के लिए पहले स्वास्थ्य मंत्री को जेल में डाला और अब शिक्षा मंत्री को जेल में डालने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि सीबीआई और ईडी के छापे से अरविंद केजरीवाल का भारत को दुनिया का नंबर देश बनाने का मिशन नहीं रूकने वाला है। मोदी जी ने यह लड़ाई छेड़कर तय कर दिया है कि 2024 की लड़ाई मोदी बनाम केजरीवाल होगी। केजरीवाल अब रूकेंगे नहीं और न तो उनका शिक्षा और स्वास्थ्य का मॉडल रूकेगा। मोदी सरकार ने पहले भी ऐसे बहुत सारे प्रयास किए, लेकिन हताशा हाथ लगी। हम लोग लड़ेंगे और सच्चाई के साथ खड़े रहेंगे। संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत बड़ा प्रचार किया गया कि सीबीआई का बहुत बड़ा छापा पड़ गया है। इतने बड़े छापे के बाद सीबीआई और मोदी जी की सरकार अब तक कुछ नहीं बता पाई कि छापे में क्या निकला। इन छापों में सीबीआई को क्या मिला? सीबीआई को कहां से करोड़ रुपए की बरामदगी हुई और कहां से सोना मिल गया। कुछ उनको पता नहीं चल पाया। दूसरी बात, एक्साइज पॉलिसी को लेकर एक-एक चीज पर साफ तश्वीर रखी गई कि पॉलिसी में दूर-दूर तक कहीं कोई हेराफेरी नहीं की गई है। लेकिन भाजपा के लोग वहीं रटा-रटाया बयान बार-बार बोल रहे हैं। दरअसल, मुद्दा शराब नहीं है। मुद्दा अगर शराब नीति होती तो सबसे बड़ा छापा तो गुजरात में पडना चाहिए था, जहां जहरीली शराब से 100 से ज्यादा लोग मर गए। जहां 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा नकली शराब का धंधा होता है। सीबीआई और ईडी का वहां छापा पडना चाहिए था। दअसल, मुद्दा अरविंद केजरीवाल की देश भर में बढ़ती लोकप्रियता है। मुद्दा है कि दिल्ली जीते, पंजाब जीते और अब गुजरात कैसे पहुंच गए? मुद्दा यह है कि केजरीवाल जो बात दिल्ली में कहते हैं और करके दिखाते हैं, वहीं योजनाएं गुजरात में ऐलान कर रहे हैं। मुद्दा यह है कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली की तरह फ्री बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य की व्यवस्था गुजरात में कैसे देने की बात कर रहे हैं। इसी वजह से अरविंद केजरीवाल के दोनों लोकप्रिय मॉडल शिक्षा और स्वास्थ्य को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है।

बारिश से भीगी दीवार गिरने से भाई-बहन की मृत्यु

मानिकपुर/चित्रकूट,20 अगस्त 2022। जिले में लगातार हो रही बारिश से घर की कच्ची दीवार गिरने से गर्भवती महिला समेत दो लोगों की मृत्यु हो गई। बहन रक्षाबंधन में भाई के घर आई थी। परिजनों ने कहा कि पीएम आवास के लिए लम्बे समय से चक्कर लगा रहे थे। ये हादसा मानिकपुर थाने के मऊ गुरदरी गांव में शनिवार को हुआ। प्रधान रामनाथ ने बताया कि शनिवार को सवेरे पांच बजे रामचन्द्र (5) पुत्र हेतलाल व उसकी बडी बहन बबिता (21), जो मायके में रक्षाबंधन पर्व में आई थी। घर के बाहर चबूतरे पर बैठी थी। रातभर हुई बारिश से भीगी चबूतरे के बगल की दीवार उनके ऊपर गिर गई। इससे दोनों भाई-बहन की दीवार के मलबे की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। बताते हैं कि बहन के पेट में बच्चा भी था। दुनिया देखने से पहले ही मां के साथ बच्चे की भी मृत्यु हो गई। बबिता की शादी तीन साल पहले रीवा जिले के डभौरा के पास टिकरी गांव में राजू के साथ हुई थी।

बांके बिहारी मंदिर हादसा : मंगला आरती में शामिल होने मची होड़,रात 2 बजे हुई दो श्रद्धालुओं की मौत

मथुरा, 20 अगस्त 2022। जन्माष्टमी पर बांके बिहारी मंदिर में हादसा हो गया। शुक्रवार रात करीब 2 बजे श्रद्धालु मंगल आरती के लिए पहुंचे हुए थे । इसी दौरान 2 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। दम घुटने की वजह से दोनों की मौत होना बताया जा रहा है । वहीं 6 श्रद्धालुओं की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।

बांके बिहारी मंदिर में रात 12 बजे श्रीकृष्ण का अभिषेक किया गया । इसके बाद ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार हुआ इस दौरान कपाट बंद थे । भक्त मंदिर के आंगन में इकट्ठा होते रहे. 1.45 बजे कपाट दोबारा खोले गए । इसके बाद 1.55 बजे मंगल आरती शुरू हुई । मंदिर के आंगन में एक साथ करीब 800 भक्त आ सकते हैं. लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि यहां क्षमता से कई गुना ज्यादा श्रद्धालु पहुंच गए. भीड़ ज्यादा होने की वजह से कुछ श्रद्धालुओं का दम घुटने लगा ।

व्यवस्था बिगड़ती देख श्रद्धालुओं को बाहर निकाला किया

सांस लेने में दिक्कत होने के बाद रेस्क्यू टीम दोनों को अस्पताल लेकर जा रही थी, लेकिन इससे पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया । मंदिर में जिस समय हादसा हुआ उस समय कलेक्टर , एससपी , नगर आयुक्त समेत पुलिस बल मौजूद था । हालात बिगड़ने के बाद पुलिस के जवानों ने बेहोश हो रहे लोगों को मंदिर से निकालना शुरू किया. जिसके बाद श्रद्धालुओं को अस्पताल भेजा गया ।

नहीं है मंगल आरती की परंपरा

जानकारी के मुताबिक ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में मंगल आरती की परंपरा नहीं है । यहां ठाकुर जी बाल स्वरूप में हैं और रात को निधिवन में रास रचाने जाते हैं । इसलिए सुबह उन्हें उठाया नहीं जाता. ठाकुरजी की मंगल आरती साल में सिर्फ एक बार जन्माष्टमी के दिन होती है । इस दिन कान्हा ठाकुर बनकर रात में भक्तों को दर्शन देते हैं । हादसे के वक्त भी 1:55 बजे मंगल आरती हो रही थी । इसके बाद कुछ समय के लिए पट बंद किए गए थे । इस दरम्यान क्षमता से ज्यादा श्रद्धालु मंदिर परिसर में इकट्ठा हो गए ।

मायानगरी को फिर से 26/11 जैसे उड़ाने की धमकी! पुलिस के व्हाट्सएप पर आया ऐसा मैसेज

मुंबई, 20 अगस्त 2022। मायानगरी मुंबई को एक बार फिर 26/11 जैसा हमला करने की धमकी दी गई है। इस संबंध में Mumbai Police के व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा मैसेज आया है। इसमें कहा गया है कि अगर लोकेशन ट्रेस की गई तो वह भारत के बाहर की होगी और धमाका मुंबई में होगा।

इस मैसेज के बाद Mumbai Police अलर्ट मोड में आ गई है। धमकी में कहा गया है कि 6 लोग भारत में, जो इस काम को अंजाम देंगे। जिस नंबर से यह मैसेज किया गया है वह पाकिस्तान का है। मैसेज में उदयपुर कांड का भी जिक्र है। धमकी भरे मैसेज मिलने के बाद मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि एक दिन पहले महाराष्ट्र के रायगढ़ में समुद्र में एक संदिग्ध बोट मिली थी, जिससे तीन AK-47 और कुछ बुलेट्स बरामद किए गए थे। शुरुआती जांच में भारत में आतंकी हमले की आशंका जताई गई थी, लेकिन महाराष्ट्र के डिप्टी ष्टरूऔर इंडियन कॉस्ट गार्ड के अधिकारी ने किसी प्रकार के आतंकी पहलू से इनकार कर दिया था।

अधिकारी ने बताया कि फिलहाल आतंकी साजिश जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। हालांकि, सुरक्षा के लिहाज से NIA और ATS की टीम मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि जिस बॉक्स में हथियार रखे हुए थे, उस पर अंग्रेजी में नेप्च्यून मैरिटाइम सिक्योरिटी लिखा हुआ है। यह कंपनी ब्रिटेन की है।

संपादकीय

भावावेश ने बिगाड़ी छवि

पश्चिम के विकसित समाजों का यह दुर्भाग्य है कि उनके राजनीतिक और बौद्धिक नेतृत्व ने यूक्रेन संकट के सिलसिले में धीरज नहीं दिखाया। नतीजतन, अब उन्हें माफी मांगनी पड़ रही है।

कहा जाता है कि हालात जैसे हों, उसमें धीरज बनाए रखना चाहिए। भावावेश में उठाए गए कदम अक्सर खुद को नुकसान पहुंचाने वाले होते हैं। असल में किसी व्यक्ति या समाज की परख इस बात से भी होती है कि जब चीजें अपने हाथ में ना हो, तब वह कितना संयम बनाए रखता है। पश्चिम के विकसित समाजों का यह दुर्भाग्य है कि उनके राजनीतिक और बौद्धिक नेतृत्व ने इस वर्ष के आरंभ में यूक्रेन संकट के सिलसिले में ऐसा धीरज नहीं दिखाया। जब रूस ने सैनिक कार्रवाई शुरू की, तो रूस विरोधी भावनाओं का वहां ऐसा उबाल आया कि खेल, साहित्य, विज्ञान यानी जीवन के हर क्षेत्र में आम रूसी व्यक्तियों के बहिष्कार का अभियान छेड़ दिया गया। अच्छी बात है कि अब ये ख्याल उन समाजों में कुछ हिस्सों को हो रहा है कि उनसे गलती हुई। इसी बात की यह मिसाल है कि ब्रिटेन के एक रिसर्च संस्थान ने रूस की एक युवा शोधकर्ता से माफी मांगी है। कुछ महीने पहले इसी संस्थान ने उस रिसर्चर को अपने यहां दाखिला देने का ऑफर वापस ले लिया था।

ऑफर वापस लेते हुए संस्थान ने कहा था कि चूंकि वह रूसी है, इसलिए उसे इस संस्थान में दाखिला नहीं मिल सकता। अब संस्थान ने उस वैज्ञानिक से माफी मांगते हुए उन्हें फिर से अपने यहां ज्वाइन करने के लिए आमंत्रित किया है। इसके पहले ऐसी ही एक घटना मई में सामने आई थी। तब यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट लंदन में हॉस्पिलिटी कोर्स के लिए आए एक रूसी महिला के आवेदन को ठुकरा दिया गया था। उस महिला को भेजे गए ई-मेल में यूक्रेन युद्ध शुरू होन के बाद यूनिवर्सिटी में अपनाई गई नई नीति का हवाला दिया गया था। लेकिन बाद में यूनिवर्सिटी ने सफाई दी थी कि 'आंतरिक गलतफहमी' के कारण 'गलती से' वो ई-मेल चला गया था। अब ऐसा ही मामला ग्लासगो शहर में स्थित जीवन विज्ञान अनुसंधान संस्थान द बीटसन इंट्स्टीट्यूट में सामने आया है। अच्छी बात है कि अब संस्थान ने उस रूसी रिसर्चर को आमंत्रण भेज दिया है, जिसे पहले दिए गए ऑफर को उसके सिर्फ रूसी होने के आधार पर वापस ले लिया गया था।

भ्रष्टाचार इसलिए होता है क्योंकि हम स्वयं बेईमान है

सत्यवान सौरभ
भिवानी, हरियाणा

हम बेवकूफ इसलिए बनाए जा रहे है, क्योंकि हम बेवकूफ है। हमारे हक इसलिए छीने जाते है ,क्योंकि हम दूसरो को छीनने की कोशिश करते है। हमारे साथ भ्रष्टाचार इसलिए होता है क्योंकि हम स्वयं बेईमान है। हमे अपने अंदर सुधार की जरूरत है, लोग खुद सुधर जाएंगे। महात्मा गांधी ने कहा था- ÷खुद में वो बदलाव लाइए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।÷

देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9वीं बार तिरंगा फहराया। इस मौके पर पीएम मोदी ने देशवासियों के सामने उम्मीदों और संकल्पों के साथ-साथ अपनी चिंताओं को भी साझा किया। पीएम ने अपने भाषण में देश में फैले भ्रष्टाचार के बारे जिक्र किया। पीएम ने करप्शन को देश के लिए खतरनाक बताते हुए इसे खत्म करने के लिए युवा पीढ़ी से आगे आने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि भाई-भतीजावाद, परिवारवाद (वंशवाद और परिवार पर फोकस) सिर्फ राजनीति तक ही सीमित नहीं है। क्या भ्रष्टाचार से आजादी ही देश के लिए असल आजादी होगी।

भ्रष्टाचार प्रतिरोध का मार्ग है। कई मायनों में, भ्रष्टाचार वह तरीका है जिससे समाज में कम कुशल अधिक कुशल की कीमत पर आगे बढ़ते हैं। 2005 में एक ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल अध्ययन ने संकेत दिया कि 62त्न भारतीयों ने किसी न किसी समय नौकरी पाने के लिए रिश्वत दी थी। भ्रष्ट आय क्या है और ईमानदार आय क्या है, इसका आकलन भी एक वैकल्पिक दर्पण अर्थव्यवस्था को सामने ला सकता है। और यह निश्चित रूप से देखने के लिए एक डरावना सच है। भ्रष्टाचार सबसे बड़ा मुद्दा है जो आज देश के सामने है। बहुत आश्चर्य की बात नहीं है, यह एक बड़ा आंतरिक खतरा है। भ्रष्टाचार के दो पहलू होते हैं। देने वाले का पहलू और लेने वाला का पहलू। प्रत्येक निश्चित रूप से समान रूप से दोषी है। वास्तव में अधिक देने वाले और कम लेने वाले हैं। अगर देने वाले बंद कर दे तो भ्रष्टाचार का यह पूरा उद्योग ठप हो जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ जन और राष्ट्रीय कार्रवाई का नेतृत्व अन्ना हजारे ने किया था। लेकिन इससे जो निकला वह लोकपाल के रूप में बिना किसी वास्तविक शक्ति के एक नम्र अधिनियम। भारत में सरकारी प्रणाली कम वेतन वाली है। मगर उनकी विवेकाधीन शक्तियाँ निम्नतम स्तर पर भी भ्रष्टाचार की ओर ले जाती हैं। ई-गवर्नेंस को अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लानी चाहिए और भ्रष्टाचार को रोकना चाहिए। यदि भ्रष्टाचार के खिलाफ ईमानदारी से कार्रवाई की जाती तो राष्ट्र निश्चित रूप से एक से अधिक तरीकों से लाभान्वित होगा। राष्ट्र और कई संस्थान जो लोगों की भलाई की देखभाल करते हैं, उन्हें अत्यधिक लाभ होगा। आजादी के इन सभी 75 वर्षों के बाद, भ्रष्टाचार की बिल्ली को घंटी बजाने का समय आ गया है। हमें इसकी जड़ पर प्रहार करने की जरूरत है। इसकी जड़ लेने वाले की तुलना में अधिक देने वालों में निहित है।

भ्रष्टाचार मुक्त राष्ट्र के लिए नागरिकों में अच्छे नैतिक मूल्यों की आवश्यकता होती है। आज के बच्चे कल के नागरिक हैं और एक बच्चे में उसके प्रारंभिक वर्षों के दौरान आत्मसात किए गए मूल्य राष्ट्र की समग्र प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस संबंध में पिता, माता और शिक्षक सही मूल्यों को विकसित करके प्रभावशाली दिमाग को आकार देने में महत्वपूर्ण हैं। साथी जीवों के प्रति ईमानदारी, सहानुभूति, सच्चाई, करुणा का भाव पैदा करना केवल माता-पिता द्वारा ही प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। इन सभी के लिए आवश्यक है कि माता-पिता भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करें और बच्चे की भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करें। समय का एक बड़ा हिस्सा बच्चे द्वारा अपने माता-पिता को देखकर व्यतीत किया जाता है। इसलिए माता-पिता को न केवल उपदेश देना चाहिए बल्कि उपरोक्त मूल्यों का प्रयोग करके उदाहरण पेश करना चाहिए।

जब वे नैतिक आधारित कहानियाँ सुनाते हैं तो माता-पिता भी बच्चों के रचनात्मक दिमाग का निर्माण करते हैं। बच्चों को अच्छे साहित्य और फिल्मों से रूबरू कराने का काम माता-पिता भी कर सकते हैं। हरिश्चंद्र की कहानियों की तरह जो ÷ईमानदारी÷ को चित्रित करती है। पिता हमेशा बच्चे के लिए पहला रोल मॉडल होता है। बच्चे अपने पिता का अनुसरण करके सीखते हैं। यह समय के साथ उनके दिमाग में समा जाता है और उनके अपने चरित्र का हिस्सा बन जाता है। माँ को अक्सर बच्चे के लिए पहली शिक्षक और मार्गदर्शक के रूप में जाना जाता है। वह उसे भावनात्मक बुद्धिमत्ता, सहानुभूति, करुणा सिखाती है। यह अक्सर मां ही होती है जो सही और गलत के बारे में हमारी धारणा का मार्गदर्शन करती है। यह प्रारंभिक अवस्था में ही हमारे अंदर समा जाता है और हमारी अंतरात्मा का हिस्सा बन जाता है। मां हमारी धार्मिक मान्यताओं, साफ-सफाई की आदतों को प्रभावित करती है।

शिक्षक बच्चे में जिज्ञासा जगाने, उसकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ावा देने और गुप्त प्रतिभा और जुनून को बाहर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक अनुशासन को आत्मसात करने और साथियों के साथ बच्चे की अंतर-व्यक्तिगत बातचीत को विनियमित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस तथ्य को देखते हुए कि बच्चों ने अपना लगभग आधा बचपन स्कूल में बिताया है, शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि है। अन्य कारक जैसे मीडिया, सहकर्मी और मित्र, भाई-बहन भी एक व्यक्ति को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लेकिन मुख्य रूप से यह शिक्षक, माता और पिता की तिकड़ी है।

ग्लोबल वॉचडॉग ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा तैयार ÷भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत निचले स्थान पर है। इसने न केवल अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने से रोक दिया है, बल्कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार ने देश के विकास को रोक दिया है। राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी, राजनीति का अपराधीकरण, जटिल कर और लाइसेंसिंग प्रणालियाँ, अपारदर्शी नौकरशाही और विवेकाधीन शक्तियों वाले कई सरकारी विभाग, पीडीएस पारदर्शी कानूनों और प्रक्रियाओं का अभाव संकट को और बढ़ा देती हैं। नौकरशाहों को कम वेतन, गरीबी और ऋणग्रस्तता भ्रष्टाचार को जन्म देती है क्योंकि उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति आदि की बुनियादी सेवाएं प्राप्त करने के लिए रिश्वत देने के लिए मजबूर किया जाता है।

युवा पीढ़ी में सहानुभूति, करुणा, अखंडता, समानता आदि के मूल्य को विकसित करने के लिए भारत में मूल्य शिक्षा बुरी तरह विफल रही है। वैश्वीकरण से प्रेरित जीवनशैली में बदलाव ने समाज के नैतिक ताने-बाने को और गिरा दिया है। अविकसित देशों में शिक्षा का निम्न स्तर नागरिकों को उनके अधिकारों की अज्ञानता की स्थिति में रखता है, उन्हें राजनीतिक जीवन में भाग लेने से रोकता है। जागरूकता की कमी और राज्य पर उच्च निर्भरता के कारण गरीब और हाशिए के लोग भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा शोषण का आसान लक्ष्य बन जाते हैं। व्यक्तिवाद और भौतिकवाद की ओर बढ़ते हुए बदलाव ने विलासितापूर्ण जीवन शैली के प्रति आकर्षण बढ़ा दिया है। अधिक पैसा कमाने के लिए लोग दूसरों की परवाह किए बिना अनैतिक तरीके भी अपनाने को तैयार हैं।

ऐसे में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, एक स्वतंत्र केंद्रीय सतर्कता आयोग, नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013, व्हिसल ब्लोअर संरक्षण अधिनियम 2011, धन की रोकथाम सहित संस्थागत और विधायी ढांचे को मजबूत करना, सटीक, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी एवं सूचना का अधिकार अधिनियम का सही अर्थों में क्रियान्वयन आवश्यक है।

तुम बिन

नितेश कुमार दिवाकर
बैकुंठपुर छत्तीसगढ़

दिल से दिल का सफर,काटना है बड़ा मुश्किल,
बेचैन दिल तड़प रहा,जैसे बिन पानी तड़पे मीन /
अब तो लौट आओ,ढ़ल ना जाये शामे जिंदगी,
सदियाँ बीत गये पर,आज भी अधूरे हैं तुम बिन /
आँखों में नींद नहीं,दिल को मेरे अब करार नहीं,
दिन तो गुजर जाता है,रात कटती तारे गिन गिन,
मुशाफिर था तुम्हारी जिंदगी में,शायद मै सनम,
सदियाँ बीत गये पर,आज भी अधूरे हैं तुम बिन /
जीवन के अंधेरों में,रौशनी का इंतिजार कर रहा,
लौट के आना पड़ेगा तुम्हे,सनम एक ना एक दिन /
दूरियां क्यों तेरे मेरे दरमियान,कुछ कह पाउँ ना,
सदियाँ बीत गये पर,आज भी अधूरे हैं तुम बिन /
जीने कि सजा भी तुम,जीने कि वजह भी तुम हो,
मर नहीं सकता,मेरा जीना भी हुआ नामुमकिन /
मोहब्बत का नजराना,आशिक कि तन्हाई लिखा है,
सदियाँ बीत गये पर,आज भी अधूरे हैं तुम बिन /
मोहब्बत का इतना कठोर इम्तिहान ना लो प्रिये,
मोहब्बत से भरोसा टूट ना जाये,ऐ मेरी नाजनिन /
दूर रहकर तुमसे,दूर कैसे हो ये मेरा अकेलापन,
सदियाँ बीत गये पर,आज भी अधूरे हैं तुम बिन /

बिलकिस बानो गोधरा केस के अपराधियों की रिहाई पर उठते सवाल

केशी गुप्ता
द्वारका नई दिल्ली

हाल ही में गुजरात , गोधरा 2002 गैंग रेप केस के 11 अपराधियों को गुजरात सरकार द्वारा रिहाई का निर्णय लिया गया । यह अपराधी पिछले 15 साल से ज्यादा समय से जेल में सजा काट रहे थे । सन 2002 के गुजरात के गोधरा में हुए दंगों के बाद बिलकिस बानो के साथ गैंग रेप किया गया और उसके परिवार के सात लोगों की हत्या भी कर दी गई थी । इस केस के 11 अपराधियों को 2008 में उम्र कैद की सजा सुनाई गई थी । जिसमें से एक अपराधी ने रिहाई के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था तथा सुप्रीम कोर्ट ने रिहाई का फैसला गुजरात सरकार पर छोड़ दिया था । 13 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अपराध गुजरात में हुआ इसलिए रिहाई पर फैसला भी गुजरात सरकार ही कर सकती है।

इस फैसले को लेकर देशभर में चर्चा का विषय बना हुआ है । गुजरात सरकार द्वारा अपराधियों की रिहाई के निर्णय की आलोचना की जा रही है। तथाकथित तथ्यों के आधार पर ह्यूमन राइट्स के वकील शमशाद पठान ने न्यूज़ एजेंसी को बताया है कि ऐसे कई दोषी अभी भी जेल में बंद है जिन्होंने बिलकिस केस से कम जघन्य अपराध किए हैं । सवाल यह उठता है कि इस किस्म का फैसला क्यों लिया गया? जिस समय बिलकिस बानो से बलात्कार किया गया वह 5 महीने की गर्भवती थी। क्या ऐसे अमानवीय जघन्य अपराधों के अपराधियों को माफ करना न्यायिक है? क्या यह एक सियासी दांवपेच है? क्या यह पीड़िता के खिलाफ अन्याय नहीं? क्या यह अपराधी सभ्य समाज के लिए खतरा नहीं? आखिर इस फैसले का आधार क्या है ? ऐसे बहुत से सवाल है जो आज आवाम के दिलों में उठ रहे हैं। जो नारी की अस्मिता और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। बलात्कार एक ऐसा जघन्य अपराध है जिसकी कोई माफी नहीं होनी चाहिए।

आखिर कब तक ?

भावना ठाकर भावु
बेंगलोर, कर्नाटक

कब तक हम सालों-साल बाल गोपाल की मूर्ति को पालने में झूलाते रहेंगे? क्या किसीको रुबरु होने का मन नहीं करता?

क्यूँ न जात-पात और धर्म को परे रखकर सिर्फ़ मानवता का मूल्य तय करें। क्यूँ न राग, द्वेष, ईर्ष्या, लोभ और मोह को अलविदा कहते अपनेपन का अलख जगाएं। गर ये चमत्कार हो जाए तो

सच में कृष्ण जन्म लेंगे, सतयुग का उद्भव होगा और सुदृढ़ समाज का निर्माण होगा। कोई तो हिम्मत करो इस राह पर चलने की।

हम मौका ही नहीं देते कृष्ण को उनका संभवामि युगे युगे वाले वचन को पूरा करने का। सिर्फ़ पाखंड को पोषते मनमानी किए जा रहे है, और महज़ मूर्ति का लालन पालन किए जा रहे हैं। हम मंदिरों और मूर्तियों में ढूँढ रहे है जिनको, क्या पता वो हमें ढूँढ रहा हो सत्य, अहिंसा परमो धर्म की व्याख्याओं में कहीं। या अपनापन, भाईचारे और अखंडता की नींव में कहीं। क्यूँ न आत्म-मंथन करें, कहाँ मिलेंगे कृष्ण को हम? झूठ, फरेब, लोभ, लालच, ईर्ष्या के मवाद तले लद चुके है हम, जहाँ से कुरेदकर खुद कृष्ण भी हमें नहीं ढूँढ पाएँगे। हमें खुद को कृष्ण के लायक बनाना होगा जो मुश्किल बहुत-बहुत मुश्किल है। कृष्ण तो कण-कण में है, पर हमारी द्रष्टि के आगे पर्दा पड़ा है ÷मैं÷ का, ÷माया÷ का और ÷अहंकार÷ का जब तक वो पर्दा हटेगा नहीं तब तक कृष्ण साक्षात हमारे सामने होंगे फिर भी पहचान नहीं पाएँगे हम। कलयुगी इंसान का पाखंड देख कृष्ण भी हंसता होगा। कृष्ण की जन्म भूमि और कर्म भूमि को हमने रक्त रंजीत कर दिया है, मानवता रहित कर दिया है, बाँट दिया है जात-पात और धर्म के कतरों में। कहाँ से जन्म लेंगे कृष्ण ऐसी नापाक मिट्टी में। हम और कई जन्मों तक यूँहीं बाल गोपाल की मूर्ति को ही हर साल झूलाते रहेंगे, क्यूँकि हम जरूरत पड़ने पर कृष्ण से सिर्फ़ मांगते रहे है, दिया कुछ नहीं, हम भक्त नहीं भिखारी है। सौदा करते है कृष्ण से, भगवान मेरा ये काम कर दो मैं इतना चढ़ावा चढ़ाऊँगा।

कलम मेरी

पूनम शर्मा स्नेहिल
जमशेदपुर,बिहार

कुछ मर्म लिखूं तो कलम मेरी,
रो-रो कर अश्क बहाती है ।
दर्द जो देखे वो जग के तो ,
घुट कर ही रह जाती है।
कुछ कहा नहीं कुछ सुना नहीं ,
पर दिल ही दिल में घबराती है ।
जो देखे जग के रंग तो वो,
खुद में उलझ सी जाती है।
बस कहती मुझसे है इतना ,
वो ये सब ना सह पाती है ।
भाती है उसको ममता और ,
वो स्नेह सदा लुटती है ।
रखती है मैं प्रेम सदा और ,
प्रेम के गीत ही गाती है।
पर्वत नदियां पुष्प सुमन सब ,
उसको बड़े हर्ष आते हैं।
तितली भंवरों की गुंजन ,
उसे मंत्र मुक्त कर जाते हैं।
बचपन यौवन और प्रौढ़ के,
गीत सदा वो गाती है।
और धरा के संस्कृति में ,
घुलमिल सी हो जाती है।
लिखकर हरदम बात वो दिल की ,
दिल से कुछ कह जाती है।
कुछ मर्म लिखूं तो कलम मेरी,
रो-रो कर अश्क बहाती है ।
दर्द जो देखे वो जग के तो ,
घुट कर ही रह जाती है।।

ये हत्यारे छूट कैसे गए ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस 15 अगस्त को नारी-सम्मान में जैसे अदभुत शब्द कहे, वैसे किसी अन्य प्रधानमंत्री ने कभी कहे हों, ऐसा मुझे याद नहीं पड़ता लेकिन देखिए कि उसके दूसरे दिन ही क्या हुआ और वह भी कहां हुआ गुजरात में। 2002 के दंगों में सैकड़ों निरपराध लोग मारे गए लेकिन जो एक मुस्लिम महिला बिल्किस बानो के साथ हुआ, उसके कारण सारा भारत शर्मिंदा हुआ था। न सिर्फ बिल्किस बानो के साथ लगभग दर्जन भर लोगों ने बलात्कार किया, बल्कि उसकी तीन साल की बेटी की हत्या कर दी गई।

उसके साथ-साथ उसी गांव के अन्य 13 मुसलमानों की भी हत्या कर दी गई। इस जघन्य अपराध के लिए 11 लोगों को सीबीआई अदालत ने 2008 में आजीवन कारावास की सजा सुनवाई थी। इस मुकदमे में सैकड़ों लोग गवाह थे। जजों ने पूरी सावधानी बरती और फैसला सुनाया था लेकिन इन हत्यारों की ओर से बराबर दया की याचिकाएं लगाई जा रही थीं। किसी एक याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि इस याचिका पर विचार करने का अधिकार गुजरात सरकार को है। बस, फिर क्या था? गुजरात में भाजपा की सरकार है और उसने सारे हत्यारों को रिहा कर दिया। गुजरात सरकार ने अपने ही नेता नरेंद्र मोदी के कथन को शीर्षासन करवा दिया। क्या यही नारी का सम्मान है? क्या यही 'यत्र नार्यस्तु पूज्यंते, रमंते तत्र देवताः' श्लोक को चरितार्थ करना है। क्या यही नारी की पूजा है? किसी परस्त्री के साथ बलात्कार करके हम क्या हिंदुत्व का झंडा ऊँचा कर रहे हैं? इन हत्यारों को आजन्म कारावास भी मेरी राय में बहुत कम था।

ऐसे बलात्कारी हत्यारे किसी भी संप्रदाय, जाति या कुल के हों, उन्हें मृत्युदंड दिया जाना चाहिए। इतना ही नहीं, उनको सरे-आम फांसी लगाई जानी चाहिए और उनकी लाशों को कुत्तों से घसिटवा कर नदियों में फिंकवाना चाहिए ताकि भावी बलात्कारियों को सांप सूंघ जाए। गुजरात सरकार ने यह कौटलीय न्याय करने की बजाय एक घिसे-पिटे और रद्द हुए कानूनी नियम का सहारा लेकर सारे हत्यारों को मुक्त करवा दिया।

हत्यारे और उनके समर्थक उन्हें निर्दोष घोषित कर रहे हैं और उनका सार्वजनिक अभिनंदन भी कर रहे हैं। गुजरात सरकार ने 1992 के एक नियम के आधार पर उन्हें रिहा कर दिया लेकिन उसने ही 2014 में जो नियम जारी किया था, उसका यह सरासर उल्लंघन है। इस ताजा नियम के मुताबिक ऐसे कैदियों की दया-याचिका पर सरकार विचार नहीं करेगी, ''जो हत्या और सामूहिक बलात्कार के अपराधी हों।''

सर्वोच्च न्यायालय ने 2019 में बिल्किस बानो को 50 लाख रु. हर्जाने के तौर पर दिलवाए थे। अब गुजरात सरकार ने इस मामले में केंद्र सरकार की राय भी नहीं ली। उसने क्या यह काम आसन्न चुनाव जीतने और थोक वोटों को दृष्टि में रखकर किया है? यदि ऐसा है तो यह बहुत गर्हित कार्य है।

-वेद प्रताप वैदिक-

मुकम्मल

पुष्पा स्वाती
मुम्बई

यूं कर दिया मुकम्मल जुड़के जिंदगी से
राहें दिखा के इश्क की संवारी बंदगी से
ऐसे बनाया दर्द को यूं जीने की वज़ह
दिल में छुपाए ज़ख्म मुस्कुराए सादगी से
उम्मीद मिली फिर कूबूल कर लिया दिलको
मोहसिन से बनके आए भर दिया ताज़गी से
हो धूप या बरसात हो तुम बनके सायबान
हमको बचा रहे हो रंज़ ओ ग़म की तीरगी से
यूं कर दिया है रौशन ये रुह का चराग़
दिल हो गया बेज़ार खुद ही बेचारगी से

अधूरापन

प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

अधूरापन लिए वो मुलाक़ातें
बाकी छूटी हैं कितनी ही बातें
दिन तो कैसे भी बीत जाते हैं
काटे कटती नहीं मगर रातें
खुल के भीगे थे जब पहाड़ों में
अब नहीं होतीं वैसी बरसातें
दो घड़ी बैठिये बच्चों के संग
वो कर जाते हैं बड़ी करामातें
कितने ऐसे अज़ीम मिलते हैं
लब दुआएं दिल में बस घातें

जीने की वजह हो तुम

ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

यूं ही नही चाहा तुम को,के तुम खूबसूरत हो।
जीने की वजह हो तुम, तुम मेरी जरूरत हो।
मेरी चाहत की पहली आरजू की तरह।
साँसों में बस गए हो,खुशबू की तरह।
यूँ ही नही सराहा तुम को,के तुम खूबसूरत हो।
जीने की वजह हो तुम।
भोर की पहली किरण या पूजा का दिया हो।
तुम मेरी जिन्दगानी,तुम्ही दिलरुबा हो।
यूँ ही नही पूजा तुम को,के तुम खूबसूरत हो।
जीने की वजह हो तुम।
बहके है कदम,के साँसों में खुमार सा है।
नींद उड गई आँखों से, के इंतजार सा है।
यूँ ही नही देखा तुम को,के तुम खूबसूरत हो।
जीने की वजह हो।

प्रतीकों के खेल में मोदी बेजोड़

राजनीति धारणा और प्रतीकों का खेल है। इसे ऐसे भी कह सकते हैं कि प्रतीकों के जरिए धारणा बनाने का खेल है। इस खेल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेमिसाल खिलाड़ी हैं। प्रतीकों का इस्तेमाल उनसे बेहतर कोई नहीं कर सकता है और न उन प्रतीकों से धारणा बनाने-बदलने का काम कोई उनसे अच्छा कर सकता है। उन्होंने आजादी की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर लाल किले से भाषण देते हुए एक के बाद एक कई प्रतीकों का इस्तेमाल किया और उनसे जनमानस को प्रभावित किया या करने का प्रयास किया। आजादी के अमृत वर्ष में उनकी पार्टी ने देश को पहली आदिवासी राष्ट्रपति दिया था। वह भी एक महिला के रूप में। आजादी दिवस से ठीक पहले द्रौपदी मुर्मू देश की राष्ट्रपति बनीं। यह महिला और आदिवासी दोनों प्रतीकों को चुनावी विमर्श में स्थापित करने का प्रयास था। लाल किले से भाषण में भी प्रधानमंत्री ने इसका इस्तेमाल किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण की शुरुआत में खासतौर पर आजादी की लड़ाई में आदिवासी योद्धाओं के योगदान और उनकी शहादत को याद किया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा और सिद्धो-कान्हो का नाम लिया। ये नाम आदिवासी गौरव से जुड़े हैं, उनकी अस्मिता से जुड़े हैं और उनको लोक कथाओं का हिस्सा हैं। लाल किले से शायद ही कभी किसी प्रधानमंत्री ने इनका नाम लिया होगा। वह सचमुच गर्व का क्षण था, जब ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा, सिद्धो-कान्हो और सीताराम राजू का नाम लिया। सोचें, इस संबोधन से देश के आदिवासी समाज ने अपने को किस तरह से प्रधानमंत्री के साथ जुड़ा हुआ महसूस किया होगा! ध्यान रहे आदिवासी बहुल झारखंड और छत्तीसगढ़ में भाजपा बेहद कमजोर हुई है और ओडिशा में अभी अपनी जगह ही तलाश रही है। लेकिन आदिवासी राष्ट्रपति के बाद आदिवासी योद्धाओं का लाल किले से जिक्र करके प्रधानमंत्री ने उन्हें अपने साथ जोड़ने की पहल की है।

दूसरा बेहद प्रभावशाली प्रतीक, जिसे प्रधानमंत्री ने चुना वह महिलाओं का है। उन्होंने बहुत भावुक और कुछ हद तक असहज होते हुए नारी के अपमान की बात कही। उनका भावुक और असहज होना बड़ा स्वाभाविक था लेकिन अगर वह अभिनय था तो बेहद दमदार था। उन्होंने कहा कि पता नहीं कैसे नारी का अपमान हमारी बोलचाल से लेकर सहज स्वभाव का हिस्सा हो गया है। प्रधानमंत्री का इसके लिए आभार व्यक्त किया जाना चाहिए कि उन्होंने लाल किले से यह बात कही। सोचें, किस तरह से नारी का अपमान भारतीय समाज में स्वीकार्य हो गया है। नारी के सम्मान में सैकड़ों श्लोक और कविताएं लिखी गईं हैं लेकिन लगभग सारी गालियां भी स्त्रियों को लेकर ही बनी हैं। अगर प्रधानमंत्री की अपील से जरा सा भी बदलाव आता है तो वह बहुत बड़ी बात होगी। अब सवाल है कि प्रधानमंत्री ने जो कहा उसे प्रतीकात्मक क्यों माना जाए? इसलिए क्योंकि वास्तविकता कुछ और है। प्रधानमंत्री ने खुद विपक्ष की महिला नेताओं- सोनिया गांधी, रेणुका चौधरी, ममता बनर्जी और दिवंगत सुनंदा पुष्कर के बारे में ऐसी ऐसी बातें कहीं हैं, जो किसी भी स्त्री के लिए अपमानजनक है। उनकी पार्टी और सरकार स्त्रियों के प्रति कैसा भाव रखती है यह आजादी दिवस के भाषण के अगले ही दिन पता चल गया, जब गुजरात में एक गर्भवती स्त्री से बलात्कार करने और उसकी नवजात बच्ची सहित कई लोगों की हत्या करने के दोषियों को जेल से रिहा कर दिया गया।

तीसरा प्रतीक परिवारवाद का है। परिवारवाद राजनीति की या समाज की एक बुराई हो सकती है लेकिन प्रधानमंत्री के लिए यह प्रतीकात्मक ही है क्योंकि उनको सिर्फ विपक्षी पार्टियों के नेताओं का परिवारवाद दिखता है। किसी न किसी राजनीतिक परिवार से जुड़े दर्जनों नेता इस समय भाजपा में भी हैं। वे सांसद हैं, विधायक हैं, केंद्र व राज्य सरकार में मंत्री हैं और यहां तक कि मुख्यमंत्री भी हैं। लेकिन उसमें प्रधानमंत्री को कोई बुराई नहीं दिखती है। भाजपा की कई सहयोगी पार्टियां राजनीतिक परिवारों की हैं, जिनका नेतृत्व एक ही परिवार की दूसरी या तीसरी पीढ़ी कर रही है। लेकिन उसमें भी कोई दिक्कत नहीं है। इतना होते हुए भी प्रधानमंत्री इतनी जोर से परिवारवाद के खिलाफ बोलते हैं कि सबको लगता है कि यह आदमी कुछ भी हो सकता है परिवारवादी नहीं होगा। उन्हें और उनकी पार्टी को लालू प्रसाद के बेटे तेजस्वी यादव का उप मुख्यमंत्री बनना परिवारवादी लगता है लेकिन चौधरी देवीलाल के पड़पोते, ओमप्रकाश चौटाला के पोते और अजय चौटाला के बेटे दुष्यंत चौटाला का उप मुख्यमंत्री बनना लोकतांत्रिक लगता है! उन्हें मुलायम सिंह के बेटे अखिलेश यादव का मुख्यमंत्री बनना परिवारवादी लगता है लेकिन दोरजी खांडू के बेटे पेमा खांडू का मुख्यमंत्री बनना लोकतांत्रिक लगता है। इस किस्म की अनगिनत मिसालें हैं, सब लिखने की जरूरत नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने परिवारवाद के प्रतीक का इस्तेमाल विपक्ष को बैकफुट पर लाने के लिए सफलतापूर्वक किया है।

भ्रष्टाचार का विरोध भी ऐसी ही प्रतीकात्मक राजनीति का हिस्सा है। उन्होंने लाल किले के अपने भाषण में भ्रष्टाचार पर हमला बोलते हुए यहां तक कह दिया कि लोग भ्रष्टाचारियों से नफरत करें। बुद्ध से लेकर गांधी तक कहते रहे हैं कि पाप से घृणा करो पापी से नहीं। लेकिन प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचारियों से घृणा करने की बात कही। यह अलग बात है कि भ्रष्टाचार के कितने ही आरोपी भाजपा में शामिल हो गए और पार्टी ने उनसे नफरत करने की बजाय उनको गले लगा लिया। ऐसे नेताओं की संख्या उंगलियों पर नहीं गिनी जा सकती है, जिनके खिलाफ पहले केंद्रीय एजेंसियों की जांच चल रही थी, छापे पड़े थे और वे भाजपा में शामिल हो गए तो सारी प्रक्रिया थम गई। भ्रष्टाचार के लड़ने का यह सेलेक्टिव तरीका इस सरकार की पहचान बन गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने बहुत ऊंची आवाज में और बहुत ऊंची जगह से भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान छेड़ने और उसमें जनता से सहयोग करने की अपील की। वास्तविकता अपनी जगह है कि लेकिन यह अपील देश के करोड़ों नागरिकों के कान में गूंजती रहेगी। प्रधानमंत्री ने भाषा से लेकर विरासत तक के प्रतीकों का इस्तेमाल किया और इतने शानदार तरीके से किया कि विपक्ष काफी समय तक हकबकाया रहा कि इसका कैसे जवाब दें। विपक्ष की मुश्किल यह है कि वह इन प्रतीकों का तिलिस्म उजागर करने में नाकाम हो रहा है, उलटे इसी तिलिस्म में उलझ जा रहा है।

-अजीत द्विवेदी-

मेरा आजादी का भाषण

राजेश कुमार बिंजवाल
रघुनाथगढ़, राजस्थान

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुझे स्वतंत्रता आंदोलन और बलिदानों और स्वतंत्रता सेनानियों के अवदानों पर ज्यादा कुछ नहीं कहना। उनके अवदानों-बलिदानों पर सब जानते है और उनकी देशभक्ति के लिए शब्द नहीं है मेरे पास। हम उनक

स्व.राजीव गांधी की 78 वीं जयंती पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं संचार व कम्प्यूटर क्रांति के जनक स्व. राजीव गांधी की 78 वी जयंती पर आज जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा ने उन्हें श्रद्धांजली देते हुए राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद किया। कांग्रेस पार्टी उन्हें 21वी सदी के भारत का आर्किटेक्ट मानती है, साथ ही उनकी जयती को सद्भावना दिवस के रुप में मनाती है। जिला कांगेस कार्यालय में आज उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजली देने के लिये पार्टी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की सभा हुई। सभा के दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि स्व राजीव गांधी उस परिवार के सदस्य थे जिसने आजादी की लडाई में अपना सर्वत्र न्यौछावर कर दिया था। राजीव गांधी एक उदार व्यक्तित्व के नेता थे। वे जल्दबाजी में निर्णय नहीं लिया करते थे। वे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं साथ बैठकर विचार-विमर्श कर किसी निर्णय पर पहुँचते थे। वरिष्ठ

कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता श्री हरिशंकर त्रिपाठी ने कहा कि आज हम जो संचार क्रांती देख रहे हैं, वो राजीव गांधी की देन है। जब उन्होंने देश में कम्प्यूटर की जरुरत पर अपना कार्य आरंभ किया, तो उनका मजाक उडाया गया, लेकिन आज उन्हीं के प्रयासों के बदौलत भारत दुनिया में कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर और संचार सेवा का केन्द्र बना हुआ है। कार्यक्रम को राज्य श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री शफी अहमद, पीसीसी उपाध्यक्ष श्री जे0पी0श्रीवास्तव, महापौर डॉ0 अजय तिर्की, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सैयद अख्तर हुसैन, रामविनय सिंह, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, संजय विश्वकर्मा, अब्दुल अब्बास, अतुल तिवारी, रुही गजाला, श्रीमति गीता श्रीवास्तव, श्रीमति पूर्णिमा सिंह, श्रीमति निर्मला , श्रीमति मालती सिंह, शकीला सिद्धकी , हमीदा बानो, श्रीमति रजनी, शांतनु मुखर्जी, अविनाश कुमार, रजनीश सिंह, विकास केशरी, नितिश चौरसिया, मो0 सिराजुद्धीन, अनूप मेहता, कलीम अंसारी, निखिल विश्वकर्मा, गुरुप्रीत सिंधू, अमित सिंह, रोशन कन्नौजिया, चंद्रप्रकाश सिंह, सौरभ पाण्डे, शुभम जायसवाल, अशोक कुमार जायसवाल पंकज शुक्ला, आदित्य केशरी, बाबू सोनी आदि उपस्थित थे।

वरिष्ठ कांगेसजनो का सम्मान किया गया

स्व. राजीव गांधी के 78वे जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिले के वरिष्ठ कांग्रसजनो का सम्मान किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में सुरेन्द्र गुप्ता, हरिशंकर त्रिपाठी, विमलेश सिंह, अरुण मिश्रा, बसंत पाण्डेय, मो0 नुरुल अमीन, जग्गनाथ कुशवाहा, चित्रा मिश्रा को शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

आंगनबाड़ी केंद्र गुमगा का जर्जर भवन हुआ धराशाई

-नगर संवाददाता-

उदयपुर , 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। विकास खंड उदयपुर अंतर्गत आने वाले ग्राम गुमगा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र गुमगा का भवन धराशाई हो गया है। विगत कुछ दिनों से लगातार हो रहे भारी बारिश से जर्जर हो चुके भवन अब गिरने लगे है। शनिवार को सुबह से लगातार हो रही बारिश की वजह से ग्राम गुमगा का आंगनबाड़ी भवन धराशाई हो गया है। जर्जर हो चुके इस भवन को डिसमेंटल करने के लिए कार्यवाही करने की बात भी सामने आ रही है। उक्त आंगनबाड़ी में कुल 17 नियमित बालक बालिका अध्ययनरत है। इसके अतिरिक्त 3 गर्भवती महिला, 4 शिशुवती एवं 17 छः माह से तीन वर्ष तक के बच्चे लाभान्वित हो रहे है। उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका नहीं है, आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन मनोरंजन भवन में किए जाने की बात पर्यवेक्षक दुलारी द्वारा बताई गई है। ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान बताया कि बड़ा हादसा टल गया है। शनिवार को आंगनबाड़ी केंद्र का संचालन नहीं हुआ । उसी परिसर के समीप प्राथमिक विद्यालय का संचालन होता है। शनिवार हाफ टाइम की वजह से बच्चे जल्दी घर चले जाते हैं। दोपहर

1 बजे दुर्घटना के वक्त कोई भी बालक बालिका उक्त स्थल पर मौजूद नहीं थे वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मनोरंजन भवन जहां आंगनबाड़ी संचालन होता है वह भी उसी जगह पर मौजूद है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा सिंह मौके पर केंद्र में मौजूद नहीं थी वह आधार वेरिफिकेशन के लिए पास के दूसरे आंगनबाड़ी केंद्र गई हुई थी।

39 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. 39 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अलग-अलग कंपनियों का अंग्रेजी शराब रख कर बिक्री करता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक राम नरेश गुप्ता को मुखबीर से सुचना मिली कि शहर के गुदरी बाजार निवासी रसप्रित सिंह द्वारा अपने घर मे अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने रसप्रित सिंह के घर मे दबिश देकर आरोपी के कब्जे से अलग-अलग कंपनियों के अवैध अंग्रेजी शराब 38.890 लीटर जब्त किया है। जिसकी कीमत 22574 रूपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

अत्यधिक वर्षा के कारण प्रभावितों को सहायता पहुंचाने प्रशासन सतर्क

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। विगत कुछ दिनों से जिले ने हो रही बारिश से अति वृष्टि के कारण प्रभावितों को राहत पहुंचाने जिला प्रशासन सतर्क है और राजस्व विभाग के मैदानी अमले राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्रभावितों को सहायता पहुंचाने सक्रिय है। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने राज्य शासन के निर्देशानुसार राजस्व अमले को सचेत करते हुए प्रभावित परिवार को सहायता पहुंचने अलर्ट रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने अत्यधिक वर्षा के कारण हुए क्षति का सर्वे कराकर राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रावधान 6-4 के तहत प्रभावित परिवारों को सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश एसडीएम व तहसीलदार को दिए है।

वीरभद्र सिंह के संदेहास्पद मौत जिला कांग्रेस ने की जांच की मांग

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारणी की मासिक बैठक आज राजीव भवन स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। जिला कांग्रेस के सामान्य कारवाई के साथ ही साथ प्रमुख रुप से लुंड्रा जनपद अध्यक्ष स्व0 वीरभद्र सिंह के दुर्ग-अम्बिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर हुई संदेहास्पद मृत्यु पर चर्चा हुई। दिनांक 12 अगस्त 2022 को रायपुर से अम्बिकापुर आते उपरोक्त ट्रेन से गिरकर उनकी संदेहास्पद मौत हुई थी। करीब एक वर्ष पूर्व रामानुजगंज विधायक के साथ कथित विवाद में उनका नाम घसीटा गया था। कार्यकारणी की बैठक में यह तथ्य सामने आया कि उपरोक्त विवाद में बेवजह कारणों से उन्हें आरोपित करने व जेल भेजे जाने के उपरांत उनकी मनोदशा पर विपरीत प्रभाव पडा था। जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत होकर यह मांग रखी कि स्व0 वीरभद्र सिंह के संदेहास्पद मौत की जांच सीबीआई अथवा उच्च न्यायालय के जज से करायी जाये। बैठक में सदस्यों को जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने यह जानकारी दी कि दिनांक 19 अगस्त.2022 को उन्होने जांच हेतु एक पत्र गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू को दिया है। कार्यकारणी की बैठक में

यह निर्णय लिया गया कि इस बाबत एक प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से राज्य शासन को प्रेषित किया जायेगा कि सभी पहलुओं की सूक्ष्म जांच कर स्व0 वीरभद्र सिंह के मृत्यु से संबंधित तथ्य स्पष्ट किया जा सके एवं यदि इस घटना में कोई दोषी है तो उसे दंडित किया जा सके। आज की बैठक के एजेंडे में दिनांक 23 अगस्त को महंगाई एवं बेरोजगारी के विरोध में पार्टी के धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई। सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मती से यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त धरना प्रदर्शन कार्यक्रम राजीव भवन परिसर में आयोजित किया जायेगा। जिला कांगेस की मासिक कार्यकारणी बैठक में राज्य श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री शफी अहमद, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, महापौर डॉ0 अजय तिर्की, जिला कांगेस अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री हेमंत सिन्हा, सैयद अख्तर हुसैन, रामविनय सिंह, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल, संजय विश्वकर्मा, अब्दुल अब्बास, अतुल तिवारी, रुही गजाला, गीता श्रीवास्तव, पूर्णिमा सिंह, निर्मला , मालती सिंह, शकीला सिद्धकी , हमीदा बानो, रजनी, शांतनु मुखर्जी, अविनाश कुमार, रजनीश सिंह, विकास केशरी, नितिश चौरसिया, मो0 सिराजुद्धीन, अनूप मेहता, कलीम अंसारी, निखिल विश्वकर्मा, गुरुप्रीत सिंधू, अमित सिंह, रोशन कन्नौजिया, चंद्रप्रकाश सिंह, सौरभ पाण्डे, शुभम जायसवाल, अशोक कुमार जायसवाल पंकज शुक्ला, आदित्य केशरी, बाबू सोनी आदि कार्यकारणी सदस्य उपस्थित थे।

ग्रामीण की हत्या के मामले में पिता-पुत्र सहित तीन गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फुनगी निवासी धनेश्वर पैकरा का शव गांव में ही खेत में 10 जुलाई को मिला था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया गया था। मर्ग जांच में पुलिस को जानकारी मिली की मृतक की मौत दम घुटने से हुई थी। जांच में पुलिस को पता चला की घटना दिवस खेत में ट्रैक्टर खड़े करने की बात को लेकर मृतक के बड़े पिता व उसके चचरे भाइयों के बीच विवाद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हत्या करने की बात स्वीकार की। आरोपियों द्वारा खेत में ही मृतक के गले को खेत में दबा दिया था। जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई थी।

जानकारी के अनुसार 10 जुलाई को उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फनकी निवासी धनेश्वर पैकरा का शव खेत के पानी में पड़ा मिला था। थाना उदयपुर द्वारा इस मामले में मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही थी। पीएम रिपोर्ट में पता चला की मृतक की मौत दम घुटने से हुई थी। पुलिस को जांच में पता चला कि घटना दिवस मृतक व उसके बड़े पिता छत्रपाल, चचेरा भाई बुधमान पैकरा व अनिल सिंह से खेत में ट्रैक्टर खड़े करने की बात को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो हत्या करने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि घटना दिवस धनेश्वर खेत में ट्रैक्टर खड़े करने की बात को लेकर गाली गलौज कर रहा था। इस दौरान तीनों ने मिलकर धनेश्वर को खेत में गिरा दिया था और उसके ऊपर बैठ गए थे। धनेश्वर के गला खेत के पानी में दब जाने से उसका दम घुट जाने से उसकी मौत हो गई थी। पुलिस हत्या के मामले में छत्रपाल सिंह पिता स्व. आनन्द राम उम्र 65 साल, बुधमान सिंह पिता छत्रपाल सिंह उम्र 25 साल व अनिल कुमार पिता रतन सिंह पैकरा उम्र 22 साल सभी निवासी ग्राम फुनगी थाना उदयपुर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी धीरेन्द्र नाथ दुबे, सउनि शौकीलाल राज, आरक्षक विमल सिंह, विजय सिंह, गंगा प्रसाद नेताम, देवनारायण कंवर सैनिक अपिकेश्वर दास शामिल रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अम्बिकापुर ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर किया विशेष आयोजन सम्पन्न

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। .राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अंबिकापुर के महाविद्यालयीन कार्य विभाग विवेकानंद यूथ सर्कल द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया.प्रणव भवन सुभाषनगर में जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न साधनों के खेलों का आयोजन किया गया एवं श्री कृष्ण राधा की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में तीन शाखाओं ने भाग लिया। मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह श्रीमान गौरंगो सिंह जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ कार्यक्रम में नगर, जिला, विभाग, के कार्यकर्ता व सुभाष नगर बस्ती की माताएं बहने उपस्थित रही।में आयोजित कार्यक्रम श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न साधनों के खेलों का आयोजन किया गया एवं श्री कृष्ण राधा की झांकी भी

आकर्षक कि केंद्र रही, मटकी फोड़ प्रतियोगिता में तीन शाखाओं ने भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया ! मुख्य वक्ता विभाग कार्यवाह श्रीमान गौरंगो सिंह जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ. उक्त अवसर पर राजिम विभाग प्रचारक ठाकुर राम जी, सरगुजा सह विभाग प्रचारक खेमलाल जी, जिला कार्यवाह अजय मिश्र, नगर कार्यवाह अनुज दुबे महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख मिथलेश गुर्जर, नगर महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख हिमांशु गर्ग, छात्रों के अभिभावक सहित महाविद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कृष्ण जन्माष्टमी पर कई आयोजन

अंबिकापुर। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर उड़ान महिला समिति बीचपारा गाँधीनगर द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। कृष्ण की सुन्दर झांकी सजाकर जन्मोत्सव मनाया गया, मटकी फोडने की प्रतियोगिता , गीत, संगीत एवं नृत्य के कार्यक्रम सम्पन्न हुए। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सुनीता सोनी, सुनीता कुशवाहा, कावेरी पाल, अंजुला मिश्रा, सवि चंद्रा, रितु, गीता, प्रिया, रश्मि सहित बड़ी संख्या में बच्चे आकर्षक वेशभूषा में सम्मिलित हुए।

लर्निंग टैबलेट के फ्रेंचाइजी देने के नाम पर ढाई लाख से ज्यादा की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. ठगी के मामले में सरगुजा पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी द्वारा लर्निंग टैबलेट के फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर शहर के एक व्यक्ति से वर्ष 2019 में 2 लाख 54 हजार 500 रुपए की ठगी की गई थी। पुलिस ने आरोपी को झारखंड के रांची से गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अंबिकापुर निवासी हरजिन्दर सिंह छाबड़ा की मुलाकात 5 जून 2019 को नवीन डे से हुई थी। नवीन डे पूर्व में एक कंपनी में काम करता था। उसके द्वारा हरजिन्दर को लर्निंग टेबलेट कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर बनने का कहा गया। कंपनी द्वारा ऑनलाइन एजुकेशन का कार्य संपादित होता है। इसके झांसे में आकर कंपनी के दिए गए खाता में 2 लाख 54 हजार 500 रुपए डाल दिए थे। कंपनी द्वारा उक्त रकम के एवज में 20 लर्निंग टेबलेट दिया जाना था। उक्त राशि का भुगतान करने के पश्चात भी कंपनी द्वारा कोई टैबलेट नहीं दिया गया। हरजिन्दर द्वारा कई बार ईमेल के माध्यम से कंपनी को अवगत कराया गया कि मुझे उक्त कार्य का निष्पादन नहीं करना है। तो कंपनी द्वारा कहा गया कि आपकी पूरी जमा राशि आपके खाते में वापस कर दी जायेगी। इसके बावजूद भी कंपनी द्वारा कोई राशि इसके खाते में वापस नहीं किया गया था। परेशान होकर हरजिन्दर ने इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। एसपी भावना गुप्ता द्वारा आरोपी की पता तलाश हेतु सख्त निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला व सीएसपी अखिलेख कौशिक के नेतृव में निरीक्षक विजय प्रताप ड्क्षसह ने सायबर सेल द्वारा आरोपी मुख्य आरोपी रणधीर कुमार प्रियदर्शी को झारखंड रांची से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 4 नग लर्निंग टैबलेट, एक एप्पल का लैपटॉप जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में निरीक्षक भारद्वाज सिंह, प्रधान आरक्षकअ सुधीर सिंह, आरक्षक अंशुल शर्मा, अशोक यादव कुंदन सिंह, शिव रजवाड़े शामिल रहे।

पुरानी रंजिश को लेकर युवक के साथ टांगी व डंडे से किया मारपीट

-नगर संवाददाता-

लखनपुर , 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टपरकेला में 20 अगस्त दिन शनिवार की दोपहर लगभग 1 बजे मुर्गा लेने जा रहे युवक को रुकवाकर पुरानी रंजिश की वजह से गांव के ही कुछ युवकों ने गाली गलौज कर टांगी व डंडे से मारपीट किया जिससे युवक का पैर टूट गया तो वही डायल 112 की टीम ने घायल युवक को अस्पताल भर्ती कराया है प्राप्त जानकारी के मुताबिक जितेंद्र सिंह पिता कामेश्वर सिंह उम्र लगभग 33 वर्ष ग्राम टपरकेला निवासी जो गांव में ही दूसरे मोहल्ले मुर्गा लेने जा रहा था तभी गांव के धनुर्धारी, सुखनंदन, विजय पिता जीवधन राम ,उपेंद्र पिता विजय सिंह के द्वारा गाड़ी रुकवा कर युवक के साथ डंडे वा टांगी से मारपीट किया गया। टांगी के पीछे से में अत्यधिक प्रहार करने से जितेंद्र सिंह का पैर टूट गया, साथ ही शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने पहुंचे देवेंद्र उर्फ पिंटू पर भी डंडे से प्रहार किया गया जिससे उसका कान कट गया है। घटना की सूचना डायल 112 की टीम को दी गई सूचना मिलते ही डायल 112 के चालक हर्ष मानिकपुरी आरक्षक तेजराज भगत मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य में लाकर भर्ती कराया घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई है लखनपुर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

निधन

अनुराधा वर्मा

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। पार्षद रिंकू वर्मा की माता अनुराधा वर्मा 68 वर्ष की उम्र में देहांत शनिवार को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 21 अगस्त को प्रातः 9:00 बजे उनके निज निवास शिवाजी चौक गुदरी बाजार से निकलेगी व अंतिम संस्कार शंकरघाट मुक्तिधाम में किया जाएगा।

सर्पदंश से हुई ग्रामीण की मौत

-नगर संवाददाता-

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. बारिश के दिन में सर्पदंश से मौत के मामले बढ़ जाते हैं। लोग अक्सर अपने घर में जमीन में सोने के दौरान सर्पदंश के शिकार हो जाते हैं। इसी तरह जमीन में बिस्तर लगाकर सो रहे ग्रामीण के कमरे में दो सांप घुस गए। जिसमें एक सांप ने उसे डंस लिया। सांप के डंसे जाने पर जब ग्रामीण की नींद खूली तो कमरे में दो सांप को देख कर उसके होश उड़ गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में पहुंचे। इस दौरान परिजन ने एक सांप को डंडे से मार दिया जबकि दूसरे सांप को ढ़क कर रखे रहा और पीड़ित को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों



ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार आत्मा राम पिता सरपंच कंवर उम्र 55 वर्ष उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम करौंदी का रहने वाला था। वह 19 की रात को अपने कमरे में जमीन में बिस्तर लगाकर सोया था। देर रात को उसे कुछ काटे जाने का एहसास हुआ। उठकर देखा तो कमरे में एक साथ दो सांप को देख कर उसके होश उड़ गए। किसी एक सांप ने उसे डंस लिया था। चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन कमरे में आए और परिजन डंडे से मार दिया। जबकि दूसरे सांप को किसी बर्तन से ढंक कर बंधक बना लिया। इस दौरान सर्पदंश के शिकार व्यक्ति को इलाज के लिए उदयपुर अस्पताल ले गए। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने शनिवार की सुबह बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सर्पदंश से किशोर की मौत

पस्ता थाना क्षेत्र के ग्राम कंडा निवासी 16 वर्षीय बुधेश्वर कोड़ाकु पिता बासुदेव कोड़ाकु 19 अगस्त की रात को जमीन में सोने के दौरन सर्पदंश के शिकार हो गया था। परिजन उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

निधन

हरिशंकर मेहता

अम्बिकापुर, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। बाबू पारा जेल रोड निवासी हरिशंकर मेहता जी का निधन 89 वर्ष की आयु में आज दिनांक 20 अगस्त 2022को सायंकाल 6:30 पर हो गया। वे कलेक्टर कार्यालय में सेवानिवृत अधीक्षक,कायस्थ सभा सरगुजा के भूतपूर्व अध्यक्ष एवं पेंशन समाज सरगुजा के सक्रिय सदस्य थे। वे अतुल मेहता के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार कल दिन में 11:00 बजे शंकर घाट में किया जाएगा।

इंटरनेशनल सीनियर सिटीजन डे के मौके पर आरबीएल बैंक ने शुरू की स्पेशल एफडी,दे रहा तगड़ा ब्याज

आरबीएल बैंक अति वरिष्ठ नागरिकों को एफडी पर 7.75 फीसदी का ब्याज दे रहा है.

यह एफडी 15 महीने की मैच्योरिटी वाली है जिसमें 2 करोड़ रुपये से कम का निवेश किया जा सकता है.

आरबीएल के अलावा कुछ अन्य बैंकों ने भी इस तरह की स्कीम चलाई हैं.

नई दिल्ली, 20 अगस्त 2022। 21 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध नागरिक दिवस (इंटरनेशनल सीनियर सिटीजन डे) हैं. उससे पहले आरबीएल बैंक ने एक नई एफडी लॉन्च की है. यह एफडी 15 महीने की है जिसमें 2 करोड़ रुपये से कम की जमाराशि हो. इसके तहत सीनियर सिटीजन को 7.50 फीसदी ब्याज मिलेगा. वहीं सुपर सीनियर सिटीजन को 7.75 फीसदी का ब्याज मिलेगा. हालांकि, सुपर सीनियर सिटीजन या सीनियर सिटीजन की ब्याज दरें नॉन रेजिडेंट फिक्स्ड डिपॉजिट पर लागू नहीं होती.

सीनियर सिटीजन 60 साल से 80 साल के आयुवर्ग को कहा जाता है. वहीं, 80 साल से अधिक के नागरिक को सुपर सीनियर सिटीजन कहा जाता है. आरबीआएल सीनियर सिटीजन को किसी अन्य बैंक से बेहतर ब्याज दर मुहैया करा रहा है. अगर सीनियर या सुपर सीनियर सिटीजन इस एफडी में निवेश करना चाहते हैं तो वे आरबीएल बैंक की वेबसाइट, आरबीएल मोबैंक ऐप, ऑनलाइन बैंकिंग, कॉन्टेक्ट सेंटर या डोरस्टैप बैंकिंग सर्विस के जरिए कर सकते हैं.

आरबीएल की एफडी परब्याज दरें

बैंक फिलहाल 7-14 दिन से लेकर 240 महीने तक की एफडी ऑफर कर रहा है. इसमें आम नागरिक को 3.25 फीसदी से लेकर अधिकतम 7 फीसदी तक का ब्याज मिल रहा है. हालांकि, वरिष्ठ नगारिकों को अतिरिक्त 0.50 फीसदी का और अति वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 0.75 फीसदी का ब्याज दिया जाता है.

एनआरई/एनआरओ को यह सुविधा नहीं

बैंक ने अपनी वेबसाइट पर दी गई जानकारी में लिखा है कि वरिष्ठ नागरिकों (60 साल से लेकर 80 साल से कम के लोग) को अतिरिक्त 0.50 फीसदी ब्याज जिया जाएगा और अति वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 0.75 फीसदी का ब्याज दिया जाएगा. बैंक ने लिखा है कि यह दर नॉन रेजिडेंट फिक्स्ड डिपॉजिट (एनआरई/एनआरओ) खातों पर लागू नहीं होगी।

अन्य बैंक भी ऑफर कर रहे स्पेशल एफडी

आरबीएल के अलावा, एसबीआईष एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, आईडीबीआई बैंक भी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्पेशल एफडी की पेशकश कर रहे हैं. एचडीएफसी बैंक वरिष्ठ नागरिकों को अतिरिक्त 0.25 फीसदी ब्याज दे रहा है. यह ब्याज 0.50 फीसदी के पहले से मिल रहे अतिरिक्त ब्याज से अलग है. यह स्कीम 30 सितंबर 2022 तक उपलब्ध है. गौरतलब है कि यह ब्याज दर 5 करोड़ से कम की जमाराशि और 5 साल 1 दिन से लेकर 10 साल तक की मैच्योरिटी अवधि वाली एफडी पर दी जा रही है.।

सावरेन स्वर्ण बांड का नया निर्गम 22-26 अगस्त तक

नयी दिल्ली ,20 अगस्त 2022। सरकारी स्वर्ण बांड योजना के नए निर्गम के तहत सावरेन स्वर्ण बांडों की बिक्री 22-26 अगस्त 2022 तक खुली रहेगी। वित्त मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हवाले से कहा गया है कि इस निर्गम में प्रति बांड का मूल्य 5,197 रुपए प्रति ग्राम स्वर्ण पर आधारित होगा।

इसके लिए ऑनलाइन भुगतान करने वालों को 50 रुपये प्रति ग्राम की दर से छूट मिलेगी। इस छूट के बाद ऐसे ग्राहकों के लिए स्वर्ण की प्रति ग्राम 5,147 रुपये की दर पर बांड जारी किए जाएंगे।

होंडा ने पेश किया नया 2022 एक्टिवा प्रीमीयम और लुक और डिजाइन बना देगा दीवाना

नई दिल्ली ,20 अगस्त 2022। दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज अपने लोकप्रिय स्कूटर होंडा एक्टिवा का 2022 एक्टिवा प्रीमियम संस्करण लाँच करने की घोषणा की जिसकी दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 75400 रुपये है। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ आत्सुशी ओगाता ने कहा, हमेशा अग्रणी स्थिति बरकरार रखते हुए होण्डा एक्टिवा अपनी आकर्षक अपील के साथ देश के सभी आयुवर्गों के राइडरों को लुभाती रही है। पिछले दो दशकों के दौरान ब्राण्ड एक्टिवा न सिर्फ तकनीकी बदलाव से होकर गुजरी है बल्कि हर नए अपडेट के साथ पहले से अधिक शार्प, ट्रेंडी और आकर्षक अपील देती रही है। 2022 प्रीमियम एडीशन के साथ, हमें खुशी है कि हम एक्टिवा को नए अवतार में लेकर आए हैं जो सुनहरे स्पर्श के साथ उपभोक्ताओं से बेजोड़ आकर्षण का वादा करती है। प्रीमियम डिज़ाइन, नए आकर्षक लुक के साथ कंपनी ने कहा कि एक्टिवा का प्रीमियम संस्करण 3 नए रंगों- मैट सैंगरिया रैड मैटेलिक, मैट मार्शल ग्रीन मैटेलिक और पर्ल साइरन ब्लू में उपलब्ध है।

ट्विटर के कर्मचारियों का सालाना बोनस इस साल रह सकता है आधा,कंपनी ने दिया आर्थिक चुनौतियों का हवाला

- **ट्विटर ने अपने कर्मचारियों को चेतावनी दी है कि उनका सालाना बोनस इस साल आधा रह सकता है.**
- **कंपनी ने कर्मचारियों को भेजे एक ईमेल में बताया कि वह आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही है.**
- **ट्विटर के रेवेन्यू में साल 2020 के बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई.**

नई दिल्ली, 20 अगस्त 2022। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर ने अपने कर्मचारियों को बताया कि उनका सालाना बोनस इस साल आधा रह सकता है. कंपनी ने कर्मचारियों को भेजे एक ईमेल में कहा कि वह आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही है, जिसके चलते इस साल उनके बोनस में कटौती हो सकती है.

2020 के बाद पहली बार रेवेन्यू में गिरावट

ट्विटर के जून तिमाही के नतीजे काफी खराब रहे और कंपनी ने इस महीने शुद्ध घाटा दर्ज किया. साथ ही उसके रेवेन्यू में भी साल 2020 के बाद पहली बार गिरावट दर्ज की गई.

एलन मस्क के साथ लड़ रहा कानूनी लड़ाई

हम आपको बता दें कि ट्विटर इस समय अरबपति उद्योगपति एलन मस्क (Elon Musk) के साथ एक कानूनी लड़ाई लड़ रहा है. इस मामले में सुनवाई अक्टूबर से शुरू होगी. एलॉन मस्क ने अप्रैल में ट्विटर को 44 अरब डॉलर में खरीदने पर सहमित जताई थी. हालांकि बाद में उन्होंने इस डील से इंकार कर दिया. इसके बाद मस्क पर मुकदमा दर्ज किया है.

रेवेन्यू 1 फीसदी घटकर 1.18 अरब डॉलर

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के कारण जून-जुलाई में पूरे विश्व स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता थी. बढ़ती महंगाई ने मंदी की आशंका को बढ़ा दिया था, जिसके चलते कंपनियों ने सोशल मीडिया पर दिए जाने वाले विज्ञापनों पर अपना खर्च किया. इसके अलावा एलन मस्क की तरफ से अधिग्रहण की कोशिशों के चलते भी कंपनी के भविष्य को लेकर अनिश्चितता की स्थिति थी. इन सब वजहों ने जून तिमाही में ट्विटर के रेवेन्यू पर असर डाला और यह करीब 1 फीसदी घटकर 1.18 अरब डॉलर रहा.

इस मामले पर ट्विटर के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर (ष्टस्नह्र) नेड सेगल ने बताया कि ये चुनौतियां कर्मचारियों को दिए जाने वाले सालाना बोनस को प्रभावित कर सकती है. उन्होंने बताया कि कर्मचारियों को आम तौर पर हर साल सालाना बोनस मिलता है लेकिन इस साल यह बोनस आधा रह सकता है.

हम आपको बता दें कि, ट्विटर फेसबुक तथा इंस्टाग्राम की तरह ही एक सोशल मीडिया नेटवर्किंग साइट है, जो 280 अक्षरों तक के लिखित पोस्ट की अनुमति देता है. इसके माध्यम से दूसरे उपयोगकर्ता को फॉलो किया जाता है. Registered users यहाँ पर post, like, tweets और retweet कर सकते हैं, लेकिन unregistered users केवल उन्हें ह्द्गड्डस्न कर सकते हैं।

चोट से निकलने वाले खून को रोकने के लिए आजमाए ये घरेलू नुस्खे,मिलेगा तुरंत आराम

दैनिक जीवन में काम करने के दौरान अक्सर दुर्घटनावश चोट लग ही जाती हैं। चोट छोटी-मोटी हो तो अपनेआप ठीक हो जाती हैं। लेकिन वहीं यह ज्यादा हो तो खून रोकना मुश्किल हो जाता हैं। चोट लगने पर ब्लीडिंग होना आम बात हैं और खून का जल्दी रुकना भी जरूरी है नहीं तो कमजोरी, बेहोशी या ब्लड क्लॉट की समस्या हो सकती है। ऐसी समस्या में आपको अपनी तरफ से कुछ फर्स्ट ऐड करने चाहिए। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं जिससे खून बहने से रोकने में मदद मिलेगी। आइये जानते हैं इन नुस्खों के बारे में...

एलोवेरा का इस्तेमाल

खून बहने से रोकने के लिए आप एलोवेरा का यूज करें। एलोवेरा की पत्ती से जेल निकालकर आप चोट वाली जगह पर लगाएं। घाव पर कुछ भी लगाने से पहले आप घाव को अच्छी तरह से साफ करें, घाव को क्लीन कर दें और उसे सूखने पर ही कुछ एप्लाई करें।

बर्फ का इस्तेमाल

चोट पर बर्फ लगाने से वहां की नसें सिकुड़ जाती हैं और ब्लड का फ्लो रुक जाता है। वहां खून का थक्का बन जाता है और ब्लीडिंग तुरंत रुक जाती है। इसके लिए बर्फ को सीधे चोट पर लगाने से बेहतर होगा कि बर्फ को सूखे सूती कपड़े में लपेटकर चोट पर लगाया जाए।

टी बैग का इस्तेमाल

चाय सिर्फ पीने के लिए नहीं होती, इसके इस्तेमाल से ब्लीडिंग को भी रोका जा सकता है। दरअसल, चाय में टैनिन पाए जाते हैं, जो हीमोस्टेटिक होते हैं यानी ये खून को थक्के में बदल देते हैं। यही नहीं, टैनिन में एस्ट्रिनजेंट भी पाया जाता है, जिससे ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाती हैं। इसकी मदद से बैक्टीरिया भी खत्म होता है और यह चोट वाली जगह को इंफेक्शन से फ्री भी रखता है। इसके लिए ब्लैक टी को गीला करके लगाने से ब्लीडिंग रुकने में मदद मिलती है। ड्राई ग्रीन टी बैग से भी ब्लीडिंग को रोका जा सकता है।

फिटकरी का इस्तेमाल

खून बहने से रोकने के लिए आप फिटकरी का यूज कर सकते हैं। फिटकरी को आप पानी में भिगोकर घाव वाली जगह पर लगाएं जिससे खून बहना बंद हो जाएगा। अगर चोट के अंदर कोई नुकीली चीज है तो उसे पहले निकालना जरूरी है, इसलिए ऐसे घाव का इलाज डॉक्टर से ही करवाएं।

पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल

पेट्रोलियम जेली का इस्तेमाल भले ही सूखे होंठों को नम करने के लिए किया जाता हो, लेकिन इसके इस्तेमाल से ब्लीडिंग को भी रोक जा सकता है। इसमें ऑयल और वैक्स होते हैं, जो स्किन की सुरक्षा करते हैं। हल्के-फुल्के चोट से निकलने वाली ब्लीडिंग को रोकने के लिए यह एक बढ़िया घरेलू उपाय है।

हल्दी का इस्तेमाल

खून बहने से रोकने के लिए आप हल्दी का इस्तेमाल करें। जहां चोट लगी है वहां हल्दी का यूज करें। हल्दी में एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जिससे घाव या चोट जल्दी ठीक हो सकती है। अगर आपके हाथ या पैर में चोट लगी है तो खून को ज्यादा बहने से रोकने के लिए हाथ या पैर को ऊपर की ओर उठाएं।

विच हेजल का इस्तेमाल

विच हेजल का इस्तेमाल ब्लीडिंग रोकने में सहायता करता है। यह लिक्विड फॉर्म में उपलब्ध है, जिसे चोट पर लगाया जा सकता है। विच हेजल की प्रकृति एस्ट्रिनजेंट जैसी होती है, जो स्किन को टाइट करने के लिए स्किन को नजदीक लाती है, ब्लड सप्लाई को कम करती है और खून का थक्का बनाती है।

एंटीपर्सपिरेंट का इस्तेमाल

एंटीपर्सपिरेंट में एल्युमिनियम क्लोराइड होता है, जो चोट के आसपास के ब्लड वेसल्स को सिकुड़ने में मदद करता है। शोध भी बताते हैं कि एल्युमिनियम क्लोराइड छोटी-मोटी चोट और वहां से होने वाली ब्लीडिंग को रोकने में सक्षम है।

माउथवॉश का इस्तेमाल

माउथवॉश एस्ट्रिनजेंट की तरह काम करके खून का थक्का बनाने के काम आता है। इस तरह से चोट से निकलने वाली ब्लीडिंग को तुरंत रोकने के लिए माउथवॉश का इस्तेमाल किया जा सकता है।

घर का बना दही खट्टा हो रहा है? इन आसान टिप्स को आजमाएं

अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित और स्वस्थ भोजन करना बहुत महत्वपूर्ण है। इसी तरह दही खाना या फिर दही का सेवन भी सेहत के लिए अच्छा होता है। दही शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। दही के गुणों के कारण डॉक्टर भी दही खाने की सलाह देते हैं। दही का सेवन शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। वहीं दही के सेवन से दांत और हड्डियां भी मजबूत होती हैं। इसके अलावा दही खाने से दिल भी स्वस्थ रहता है। दही का सेवन करने से बाल भी मजबूत होते हैं। दादा से कई तरह के व्यंजन भी बनाए जा सकते हैं। तो दही ज्यादातर घरों में आसानी से मिल जाता है। आजकल बाजार में दही के अलग-अलग फ्लेवर उपलब्ध हैं। लेकिन घर के बने दही का स्वाद अलग होता है। लेकिन कई लोग घर के बने दही को लेकर शिकायत करते हैं कि दही पतला होता है या खट्टा। ऐसे में आइए जानें कुछ जरूरी लेकिन आसान टिप्स जो आपके काम जरूर आएंगे। घर का बना और प्राकृतिक रूप से जमा हुआ दही न सिर्फ स्वादिष्ट होता है बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। दही एक प्राकृतिक प्रोबायोटिक है जिसमें अच्छे बैक्टीरिया होते हैं, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं और शरीर को कई बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं।

दही बनाने के लिए दूध को अच्छी तरह उबाल लें

दही बनाने के लिए दही को गर्म करने की जरूरत नहीं है, बल्कि तेज आंच पर इसे अच्छे से खोल लें. और इसके बाद इसे धीमी आंच पर 20 मिनट के लिए रख दें। दूध को धीमी आंच पर उबालने से उसमें नमी की मात्रा भी कम हो जाती है और दूध थोड़ा गाढ़ा हो जाता है। उसने दही को मीठा किया।

पुराने दही का उचित मात्रा में प्रयोग करें

कई कलीसियाएँ घर पर मौजूद पुराने दही, छाछ या मक्खन से नए दही बनाती हैं। दही जमाने के लिए आपको अंदाजा होना चाहिए कि कितना पुराना दही लेना है। पुराने दही में समान मात्रा में दूध मिला लें।

दही को जमने के लिए कितनी देर रखना है

कुछ को दूध जमने में बहुत अधिक समय लगता है। अगर दूध को जरूरत से ज्यादा देर तक सेट किया जाए तो दही खट्टा हो सकता है. इसलिए दही को जमने के लिए सिर्फ 7 घंटे का समय दें। वहीं अगर अतिरिक्त पानी को सूती कपड़े से छान लिया जाए तो दही आसानी से गाढ़ा हो जाएगा।

एक सिगरेट जितना ही नुकसानदायक है आपका पसंदीदा पिज्जा और हॉट-डॉग,लोगों की कम होती जा रही है औसत आयु

आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि पिछले दो-तीन दशक में वैश्विक स्तर पर लोगों की औसत आयु समय के साथ कम होती जा रही है। इसके लिए कई तरह की बीमारियों के बढ़ने को प्रमुख कारण माना जाता रहा है। भारत में फिलहाल एक व्यक्ति की औसत आयु 69 वर्ष है। अध्ययनों से पता चलता है कि लाइफस्टाइल की गड़बड़ी और खान-पान से संबंधित विकारों के कारण कई प्रकार की बीमारियों का जोखिम बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण अब लोग पहले की तुलना में कम जीते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि शराब-धूम्रपान की आदत को इसके लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है, एक सिगरेट जीवन अवधि को 11 मिनट तक कम कर देती है।

पर क्या आप जानते हैं कि सिगरेट के अलावा हमारी पसंदीदा कई चीजें भी आयु को कम कर रही हैं? विशेषकर अलग-अलग तरह के फास्ट फूड्स को अध्ययनों में शोधकर्ताओं ने शरीर के लिए बहुत नुकसानदायक पाया है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आप लंबी आयु चाहते हैं तो खान-पान को ठीक रखना बहुत आवश्यक हो जाता है। इसमें पौष्टिकता की कमी या अधिक मात्रा में फास्ट और जंक फूड्स का सेवन आपको बीमार करते हुए जीवन अवधि को भी कम कर सकता है। सभी लोगों को इस बारे में सावधानी बरतनी चाहिए।

जंक फूड्स खाने वालों में खतरा

दरअसल, हाल के एक अध्ययन से पता चलता है कि जंक फूड्स खाने वाले लोगों में संज्ञानात्मक गिरावट और स्वास्थ्य से संबंधित अन्य कई प्रकार की समस्याओं का खतरा हो सकता है। नॉर्थईस्ट रीजनल सेंटर फॉर रूरल डेवलपमेंट के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में पाया कि फास्ट फूड का अधिक सेवन करने वाले अमेरिकी लोगों की जीवन प्रत्याशा, अन्य लोगों की तुलना में कम देखी गई है।

वहीं मिशिगन विश्वविद्यालय के शोध से पता चला है कि हॉट डॉग खाने से आपके जीवन के 36 मिनट और चिकन विंग जैसी चीजें 3 मिनट तक की आयु को कम कर सकती है।

अध्ययन में क्या पता चला?

आहार की आदतें और कुछ विशिष्ट खाद्य पदार्थों के सेवन का शरीर पर किस प्रकार से प्रतिकूल प्रभाव हो सकता है, इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने इनके संबंध को समझने की कोशिश की। अध्ययनकर्तों ने पाया कि अल्ट्राप्रोसेस्ड भोजन के अधिक सेवन से लेकर व्यायाम की कमी के कारण वैश्विक स्तर लोगों की औसत आयु समय के साथ कम होती जा रही है।

पिज्जा जैसा चीजें जिसे लोगों का पसंदीदा माना जाता रहा है, वह आपकी उम्र को आठ मिनट तक कम करता है। यानि कि अगर तुलनात्मक रूप से देखें तो एक सिगरेट और एक पिज्जा से होने वाली औसत आयु में कमी लगभग बराबर ही है।

सर्वेक्षण की रिपोर्ट

ड्रगजेनियस डॉट कॉम के सर्वेक्षण से पता चला कि 4 में से 1 (27 प्रतिशत) लोग मानते हैं कि अगर हम कभी-कभी फास्ट फूड्स खाते हैं, यानि कि हफ्ते में दो-तीन बार, तो इससे शरीर को नुकसान नहीं होता है, जबकि विशेषज्ञ इस सोच को गंभीर और हानिकारक बताते हैं।

8 प्रतिशत लोगों को लगता है कि बर्गर में चूंकि सब्जियां और सलाद होता है इसलिए इससे नुकसान नहीं है, जबकि 11 प्रतिशत से अधिक को लगता है कि चिकन विंग्स का सेवन नुकसानदायक नहीं है। इसपर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि इस तरह के आहार अल्ट्राप्रोसेस्ड होते हैं, ऐसे में इनका सेवन भी बहुत नुकसानदायक हो सकता है।

फिर कैसे पा सकते हैं लंबी आयु ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आहार की पौष्टिकता और इसके तैयार किए जाने की प्रक्रिया के बारे में सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। अच्छी खबर यह है कि पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली की आदतें आपकी जीवन अवधि को बढ़ावा दे सकती हैं। मुट्ठी भर मेवा और सीड्स खाकर आप अपने जीवन को 26 मिनट तक बढ़ा सकते हैं, जबकि सैल्मन फिश आपके जीवन को 16 मिनट तक बढ़ाने में सहायक है।

सभी लोगों को आहार में नट्स को जरूर शामिल करना चाहिए और फास्ट फूड्स के सेवन की आदत पर नियंत्रण बनाना चाहिए। बेहतर स्वास्थ्य और लंबी आयु के लिए सभी लोगों के लिए आहार का सही चयन और नियमित व्यायाम बहुत आवश्यक माना जाता है।

विभाजन के बाद पिछले 75 वर्षों में भारत,पाकिस्तान कैसे विकसित हुए

एम्स्टर्डम [नीदरलैंड], 20 अगस्त 2022. भारत और पाकिस्तान दोनों ने अपनी आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाया, हालांकि, दोनों देशों का विकास बहुत अलग तरीके से हुआ है। जबकि भारत में लोकतंत्र पनपा, पाकिस्तान ने अपनी स्वतंत्रता के बाद से नागरिक और सैन्य शासन के बीच बारी-बारी से काम किया।

चूंकि भारत ने आर्थिक क्षेत्र, राजनीतिक क्षेत्र और विकास के मामले में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है, लेकिन इसके विपरीत, पाकिस्तान के मामले में अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है क्योंकि पाकिस्तान ने अपने 75 साल के अस्तित्व का लगभग आधा सैन्य शासन के तहत बिताया है और पाकिस्तान का कोई भी निर्वाचित प्रधान मंत्री अपना कार्यकाल पूरा करने में सक्षम नहीं था। यूरोपियन फाउंडेशन फॉर साउथ एशियन स्टडीज के अनुसार 1947 में

भारत और पाकिस्तान दोनों को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से आजादी मिली(श्वस्त्रस्) इतिहासकार विलियम डेलरिम्पल ने उल्लेख किया कि भारत के विभाजन ने लगभग 15 मिलियन लोगों को विस्थापित किया, और एक मिलियन से अधिक लोग घातक सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए। 1947 में जब अंग्रेजों ने भारत छोड़ा, तो भारत में इसकी साक्षरता दर केवल 12 प्रतिशत थी और जीवन प्रत्याशा 30 वर्ष थी।

गरीबी, बीमारी और कुपोषण बड़े पैमाने पर थे। भारत का औद्योगिक और तकनीकी आधार वस्तुतः न के बराबर था। कुछ इतिहासकार इस हद तक भविष्यवाणी कर चुके थे कि भारत एक राष्ट्र के रूप में जीवित नहीं रहेगा। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) में ब्राउन विश्वविद्यालय के एक संकाय, उस्मान लशारी ने बताया, ÷2022 तक तेजी से आगे, इसकी साक्षरता दर 77 पीसी से अधिक है, जीवन प्रत्याशा लगभग 70 वर्ष है, और अन्य मानव विकास सूचकांक काफी बेहतर हैं। पाकिस्तान की तुलना में। इसके अलावा, भारत ने एक जीवंत और आधुनिक तकनीकी और औद्योगिक आधार विकसित किया है और पहले से ही एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय शक्ति है÷।

आर्थिक रूप से भी, भारत को स्वतंत्रता के समय उसके सामने एक विशाल कार्य का सामना करना पड़ा क्योंकि देश की जीडीपी दुनिया के कुल का मात्र 3 पीसी थी। तेजी से आगे 75 साल और कोई भी देख सकता है कि भारत ने एक गरीब राष्ट्र से एक उभरती हुई वैश्विक शक्ति में एक अभूतपूर्व परिवर्तन की पटकथा लिखी है, जिसकी 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था एशिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

1990 के दशक में भारत ने ऐतिहासिक सुधारों के संदर्भ में नाटकीय प्रगति देखी, जिसने अर्थव्यवस्था पर दशकों के समाजवादी नियंत्रण को हटा दिया और राष्ट्र के उल्लेखनीय विकास को गति दी। जैसे-जैसे भारत के उच्च-कुशल क्षेत्रों में वृद्धि हुई है, लाखों लोग गरीबी से निकलकर एक बढ़ते, आकांक्षी मध्यम वर्ग में आ गए हैं।

सॉफ्टवेयर और टीकों के निर्यात में अग्रणी देश के साथ भारत में निर्यात भी बढ़ा है। मैनहट्टनविले कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर निमिश अधिया ने कहा, ÷यह असाधारण है - भारत जैसे गरीब देश से ऐसे क्षेत्रों में सफल होने की उम्मीद नहीं थी÷।

भारत के संस्थापकों ने नव स्वतंत्र राष्ट्र की एक धर्मनिरपेक्ष बहुसांस्कृतिक राज्य के रूप में कल्पना की थी और इस निर्णय ने भारत को अपने सत्तावादी पड़ोसी, चीन के लिए एक लोकतांत्रिक प्रतिकार के रूप में उभरने में मदद की है। भारत ने अपनी आजादी के बाद से स्वतंत्र चुनाव कराए हैं और सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण हुआ है, और इसमें काफी हद तक स्वतंत्र न्यायपालिका और जीवंत मीडिया परिदृश्य है। अपनी स्वतंत्रता के बाद से, भारत को अपनी बहुसंस्कृतिवाद पर गर्व है, भले ही वह कभी-कभी सांप्रदायिक संघर्ष से जूझता रहा हो।

स्वतंत्रता के बाद पाकिस्तान में सीमा पार की स्थिति इतनी अलग तरह से विकसित हुई कि इसने पाकिस्तानी राजनीतिक अर्थशास्त्री नियाज मुर्तजा को पाकिस्तानी दैनिक डॉन में अपने 9 अगस्त के लेख में वजनदार सवाल उठाने के लिए प्रेरित किया - ÷एक राज्य ने एक स्वर्ग के रूप में बड़ी उम्मीदों के साथ क्यों बनाया? इस बिंदु पर लाखों लोग आते हैं? हमने (भारत) से जिस राज्य को तोड़ा और जो हमसे (बांग्लादेश) टूटा, दोनों बेहतर कर रहे हैं। वही डीएनए हमारे लिए क्यों नहीं पहुंचा?

लशारी ने कुछ जवाब दिए जब उन्होंने लिखा, ÷आजादी के तुरंत बाद, पाकिस्तान को सबसे महत्वपूर्ण झटका लगा जब इसके संस्थापक जिन्ना की मृत्यु हो गई। जिन्ना की मृत्यु ने 1947 के बाद पाकिस्तान के लिए मौलिक रूप से आकार दिया। जब नेहरू भारत को बदलने में व्यस्त थे, पाकिस्तानियों के पास एक प्रधान मंत्री था। हत्या; वे सक्रिय रूप से विदेशी गठबंधन और सहायता की तलाश में थे। पाकिस्तान ने अपना पहला तख्तापलट किया था, और चीजें केवल बदतर होती गईं। पाकिस्तान ने 1971 में अपनी आधी भूमि खो दी और कभी भी एक स्थिर लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार नहीं थी। हालाँकि पाकिस्तान में चुनाव थे, लेकिन वास्तव में ऐसा कभी नहीं हुआ था लोकतंत्र। आर्थिक लोकतंत्र दूर का सपना है।÷

÷पाकिस्तान की विदेश नीति उस पर निर्भर थी जो उस समय पाकिस्तान को सबसे बड़ा दाता था। एकमात्र उल्लेखनीय उपलब्धि पाकिस्तान का परमाणु राज्य बनना था, लेकिन पाकिस्तानी अपने नागरिक समाज में किसी भी सैन्य या वैज्ञानिक सफलता को एकीकृत करने या आर्थिक लाभ के लिए इसका व्यावसायीकरण करने में विफल रहे। कारण लोकतांत्रिक मानदंडों और सिद्धांतों की कमी और आंतरिक या बाहरी शक्तियों द्वारा बार-बार हस्तक्षेप करने के कारण, कोई भी संस्थान पाकिस्तान में विकसित और प्रगति नहीं कर सका और कोई वैश्विक कद प्राप्त नहीं कर सका।÷

गंभीर आर्थिक संघर्ष का वर्तमान चरण जिसने पिछले कई वर्षों में पाकिस्तान को त्रस्त किया है और जो समाप्त होने के कोई संकेत नहीं दिखाता है, वह राज्य मॉडल की एक सीधी विरासत है जिसका मुर्तजा ने उल्लेख किया है। पाकिस्तान अब तक के सबसे बुरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है. इसका विदेशी मुद्रा भंडार खतरनाक स्तर तक कम हो गया है, जबकि भारत की विदेशी मुद्रा गणना वर्तमान में दुनिया की 5 वीं सबसे बड़ी है।

तुलना की जा सकती है क्योंकि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार पाकिस्तान के पूरे सकल घरेलू उत्पाद के आकार का लगभग 1.7 गुना है। पाकिस्तान वस्तुओं और सेवाओं का शुद्ध आयातक बना हुआ है, और इसका औद्योगीकरण इस अंतर को पाटने के लिए पर्याप्त रूप से विस्तारित नहीं हुआ है। पाकिस्तान के लिए कर संग्रह और जीडीपी के साथ-साथ निर्यात और जीडीपी के बीच का अनुपात भी दुनिया में सबसे कम है। इसलिए, सरकार को राजस्व की लगातार कमी का सामना करना पड़ता है और देश विदेशी मुद्रा की बारहमासी कमी का सामना करता है।

भूटान में भारतीय राजदूत सुधाकर दलेला ने भूटानी राजा को परिचय पत्र भेंट किया

थिम्पू [भूटान], 20 अगस्त 2022। भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी सुधाकर दलेला ने शनिवार को भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक को भूटान में भारत के राजदूत के रूप में अपना परिचय पत्र प्रस्तुत किया।

एक ट्वीट में, थिम्पू में भारतीय दूतावास ने लिखा, ÷ सुधाकर दलेला ने भूटान साम्राज्य में भारत के राजदूत के रूप में, महामहिम, भूटान के राजा, जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक को आज ताशिछोदज़ोंग, थिम्पू में एक विशेष समारोह में प्रस्तुत किया। ।÷

राजदूत सुधाकर दलेला ने पारस्परिक विश्वास, समझ, दोस्ती के मजबूत बंधन और लोगों से लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों की विशेषता वाले अनुकरणीय द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

भारत और भूटान एक अद्वितीय और समय-परीक्षणित द्विपक्षीय संबंध साझा करते हैं, जो अत्यधिक विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ की विशेषता है। भारत के पड़ोस में अन्य द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में, भूटान के साथ संबंध अपेक्षाकृत परेशानी मुक्त और सौहार्दपूर्ण हैं।

दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध औपचारिक रूप से 1968 में भूटान की राजधानी थिम्पू में भारत के एक निवासी प्रतिनिधि की नियुक्ति के साथ स्थापित किए गए थे। इंडिया हाउस (भूटान में भारत का दूतावास) का उद्घाटन 14 मई, 1968 को हुआ था और 1971 में रेजिडेंट प्रतिनिधियों का आदान-प्रदान किया गया था।

राजदूत स्तर के संबंध 1978 में निवासियों के दूतावासों में उन्नयन के साथ शुरू हुए। भारत और भूटान के बीच द्विपक्षीय संबंधों का आधार 1949 की भारत-भूटान संधि द्वारा बनाया गया है, जो दूसरों के बीच, ÷स्थायी शांति और दोस्ती, मुक्त व्यापार और÷ प्रदान करता है। वाणिज्य और एक दूसरे के नागरिकों के लिए समान न्याय।÷

यह संबंध और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि चार भारतीय राज्य, अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम और पश्चिम बंगाल - भूटान के साथ 699 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं। भारत कई मायनों में भूटान के लिए महत्वपूर्ण है। यह भूटान का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है - अपने माल के स्रोत और बाजार दोनों के रूप में।

भारत,ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ के पास समुद्री अभ्यास संपन्न किया

पर्थ, 20 अगस्त 2022। भारत और ऑस्ट्रेलिया की नौसेनाओं के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) शनिवार को संपन्न हुआ।

आईएनएस सुमेधा ने भारतीय नौसेना और रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के बीच मजबूत नौसेना-से-नौसेना लिंक और अंतःक्रियाशीलता की पुष्टि करते हुए HMAS Anzac के साथ अभ्यास में भाग लिया ।

एमपीएक्स में हेलीकॉप्टरों की क्रॉस डेक लैंडिंग, सामरिक युद्धाभ्यास और विदाई भाप अतीत शामिल थे।

भारतीय नौसेना का आईएनएस सुमेधा सोमवार को भारत का 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में डॉक किया गया। स्वतंत्रता की भावना का स्मरण करने के लिए, 15 अगस्त को वेटरन्स और ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बलों के अधिकारियों की उपस्थिति में एक ध्वजारोहण समारोह निर्धारित किया गया था।

भारतीय नौसेना के ऑपरेशनल डिप्लॉयमेंट के हिस्से के रूप में, आईएनएस सुमेधा को दक्षिण पूर्वी हिंद महासागर में तैनात किया गया है। वह आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के हिस्से के रूप में सभी महाद्वीपों (अंटार्कटिका को छोड़कर) पर %तिरंगा% फहराने की भारतीय नौसेना की पहल का हिस्सा हैं।

आईएनएस सुमेधा एक स्वदेश निर्मित नौसेना अपतटीय गश्ती पोत है जिसे स्वतंत्र रूप से और बेड़े संचालन के समर्थन में कई भूमिकाओं के लिए तैनात किया गया है। वह विशाखापत्तनम स्थित भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े का हिस्सा हैं और पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के संचालन कमान के तहत कार्य करती हैं। आईएनएस सुमेधा की यात्रा सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करती है और समुद्री क्षेत्र में अच्छी व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में दोनों देशों के साझा उद्देश्यों और मित्रता के पुलों के निर्माण और मैत्रीपूर्ण सहयोग को मजबूत करने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। समुद्री राष्ट्र।

यह अगस्त 2021 में दोनों नौसेनाओं के प्रमुखों द्वारा प्रदान किए गए संयुक्त मार्गदर्शन के अनुरूप है और दोनों देशों के बीच %2020 व्यापक रणनीतिक साझेदारी% से जुड़ा है।

इसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने वाली क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के प्रति साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करना है। दोनों नौसेनाएं विभिन्न मोर्चों पर सहयोग कर रही हैं और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वैश्विक कॉमन्स की दिशा में काम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच ताइवान ने जापानी राजनेताओं की यात्रा का स्वागत किया

ताइपे , 20 अगस्त 2022। चीन के साथ बढ़े तनाव के बीच, अमेरिकी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की स्व-शासित द्वीप की यात्रा के बाद, ताइवान के विदेश मंत्रालय ने जापानी राजनेताओं की आगामी यात्रा का स्वागत किया।

ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने शुक्रवार को जापान-आरओसी डाइट मेंबर्स कंसल्टेटिव काउंसिल के अध्यक्ष फुरुया केजी और काउंसिल के महासचिव किहारा मिनोरू की ताइवान की आगामी यात्रा का स्वागत किया।

लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के दो राजनेता 22-24 अगस्त तक ताइवान में रहेंगे और अमेरिका के साथ रक्षा तंत्र में सुधार पर चर्चा करने और चीन द्वारा किए गए लाइव-फायर सैन्य अभ्यास पर विचार साझा करने के लिए राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन से मुलाकात करेंगे।

क्योडो न्यूज के अनुसार, वे डबल टेन डे समारोह में भाग लेने और जापान, अमेरिका और ताइवान के सांसदों के बीच क्षेत्रीय रणनीतिक मामलों के बारे में बैठक में भाग लेने के लिए परिषद के सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल को भेजने की योजना की भी समीक्षा करेंगे।

फुरुया और किहारा उपराष्ट्रपति लाई चिंग-ते, प्रीमियर सु त्सेंग-चांग, ??विधान सभा अध्यक्ष यू हसी-कुन, विदेश मंत्री जोसेफ वू और ताइवान-जापान संबंध संघ के अध्यक्ष सु जिया-च्युआन से मुलाकात करेंगे।

ताइवान न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति ली टेंग-हुई को श्रद्धांजलि देने के लिए वुझी माउंटेन मिलिट्री सेमेट्री में रुकेंगे।

ऐसे समय में जब सत्तावादी राज्य विदेशों में आक्रमण और विस्तार करने, क्षेत्रीय तनाव पैदा करने और मौलिक अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को चुनौती देने का इरादा रखते हैं, लोकतंत्र को स्वतंत्रता और लोकतंत्र के साझा मूल्यों की रक्षा के लिए एकजुट होना चाहिए, एमओएफए ने कहा।

ताइवान और जापान दोनों वैश्विक लोकतांत्रिक खेमे से संबंधित हैं और उनकी घनिष्ठ मित्रता है, विदेश मंत्रालय ने कहा कि फुरुया और किहारा की यात्रा से ताइवान और जापान के बीच महत्वपूर्ण सहयोग को गहरा करने में मदद मिलेगी, ताइवान समाचार की सूचना दी। एमओएफए ने कहा कि जापान-आरओसी डाइट मेंबर्स कंसल्टेटिव काउंसिल में 260 से अधिक नेशनल डाइट सदस्य हैं, जिन्होंने ताइवान और जापान के बीच मैत्रीपूर्ण आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी है। इस महीने पेलोसी की ताइवान यात्रा से क्षेत्र में तनाव का एक नया दौर शुरू हो गया है। और एक अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के बाद से, बीजिंग ने द्वीप के आसपास के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू किया, जिसमें ताइवान के हवाई क्षेत्र के करीब लाइव-फायर ड्रिल और सैन्य विमान ओवरफ्लाइट शामिल थे।

मोगादिशू होटल हमले में 8 नागरिकों की मौत : सुरक्षा अधिकारी

मोगादिशु [सोमालिया], 20 अगस्त 2022। कम से कम आठ नागरिक मारे गए शनिवार को सुरक्षा बलों ने आतंकवादी समूह अल-शबाब से लड़ाई जारी रखी , जिसने सोमाली राजधानी मोगादिशु में एक होटल पर धावा बोल दिया, एक सुरक्षा कमांडर ने कहा।

अधिकारी, मोहम्मद अब्दिकादिर ने कहा, ÷सुरक्षा बलों ने होटल की इमारत के एक कमरे के अंदर बंद किए गए आतंकवादियों को बेअसर करना जारी रखा, अधिकांश लोगों को बचा लिया गया, लेकिन अब तक कम से कम आठ नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि हुई है।÷

अल जज़ीरा की रिपोर्ट के अनुसार, सोमाली राजधानी में हमला दो कार बम विस्फोटों और गोलियों के बाद हुआ, क्योंकि सशस्त्र समूह अल-शबाब ने जिम्मेदारी ली थी।

मोगादिशु की आमीन एम्बुलेंस सेवाओं के निदेशक और संस्थापक अब्दिकादिर अब्दिरहमान ने कहा कि शुक्रवार की देर रात नौ घायल लोगों को होटल से बाहर निकाला गया।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ÷दो कार बमों ने होटल हयात को निशाना बनाया। एक होटल के पास एक बैरियर से टकराया और दूसरा होटल के गेट से टकराया। हमारा मानना ?है कि लड़ाके होटल के अंदर हैं।÷

दो खुफिया अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर भी घटना की पुष्टि की।

साइट इंटेलिजेंस ग्रुप के एक अनुवाद के अनुसार, अल-कायदा से जुड़े अल-शबाब सशस्त्र समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

सुरक्षा अधिकारी अब्दुकादिर हसन ने अल जज़ीरा को बताया, ÷हमले ने सुरक्षा बलों और बंदूकधारियों के बीच एक भीषण गोलीबारी शुरू कर दी, जो अभी भी इमारत के अंदर छिपे हुए थे।÷ अब दुश्मन से उलझ रहे हैं जो इमारत के अंदर छिपे हुए हैं,÷ हसन ने कहा।

हयात मोगादिशू में एक लोकप्रिय स्थान है जहां कई अन्य होटल स्थित हैं, और यह अक्सर सरकारी अधिकारियों और नागरिकों द्वारा किया जाता है।

रूस में 77 प्रतिशत लोगों ने जताया पुतिन के प्रति विश्वास

मास्को ,20 अगस्त 2022। रूस के 77 फीसदी लोगों ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर भरोसा जताया है। मास्को स्थित पब्लिक ओपिनियन फाउंडेशन (एफओएम) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ। सर्वेक्षण के अनुसार 77 फीसदी लोगों ने श्री पुतिन पर अपना विश्वास व्यक्त किया, जबकि केवल 12 फीसदी ने कहा कि उनके प्रति अविश्वास व्यक्त किया।

सर्वेक्षण में इस बात का भी खुलासा हुआ कि 81 प्रतिशत लोगों ने देश के नेता के रूप में श्री पुतिन के प्रदर्शन को मंजूरी दी, जबकि 10 फीसदी लोगों ने उनके काम को सही नहीं माना। नौ प्रतिशत लोगों ने इस बारे में कोई जवाब नहीं दिया।

एफओएम ने यह सर्वेक्षण 12 से 14 अगस्त तक 53 रूसी क्षेत्रों के 104 शहरों, कस्बों और गांवों में 1,500 वयस्कों के बीच व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया गया था।

पाक सेना ने एक टॉप कमांडर समेत दो आतंकियों को मार गिराया

इस्लामाबाद [पाकिस्तान], 20 अगस्त 2022। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक खुफिया-आधारित अभियान के दौरान एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए हैं , मीडिया रिपोर्टों में सेना के मीडिया का हवाला दिया गया है। एआरवाई न्यूज ने बताया कि इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार, पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में अभियान चलाया। सेना के मीडिया विंग ने कहा कि हाफिज गुल बहादुर समूह का एक शीर्ष कमांडर - खबीब उर्फ ??बिलाल - गोलीबारी के दौरान मारा गया।

ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया। आईएसपीआर ने कहा कि ÷मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों के खिलाफ गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल रहे।÷

आईएसपीआर ने कहा, ÷आतंकवादी आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) तैयार करने और निर्दोष नागरिकों को मारने में भी सक्रिय रूप से शामिल थे।÷ खबीब उर्फ ??बिलाल इस महीने की शुरुआत में मीर अली में सुरक्षा बलों के एक काफिले पर आत्मघाती हमले में भी शामिल था। मीडिया पोर्टल के अनुसार।

खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस पर हमले की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने सभी चौकियों पर सुरक्षा कड़ी कर दी है और सुरक्षा चूक के लिए जिम्मेदार कर्मियों को राहत दी है।

इससे पहले 15 अगस्त को सुरक्षा बलों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में खुफिया आधारित ऑपरेशन के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया था । आईएसपीआर ने एक बयान में कहा कि मीर अली इलाके में ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच

भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें एक आतंकवादी मारा गया। सेना की मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि इससे पहले जून में देश के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों को निशाना बनाया था, जिसमें एक पाकिस्तानी सैनिक मारा गया था ।

बयान में गुरुवार को कहा गया, ÷1-1 जून की रात को, आतंकवादियों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य इलाके दत्ता खेल में एक सैन्य चौकी पर गोलीबारी की।÷

गोलाबारी के दौरान, 28 साल के एक जवान सैनिक की जान चली गई। बयान में कहा गया है कि इलाके में पाए गए किसी भी आतंकवादी को खत्म करने के लिए कार्रवाई की गई है। 28 वर्षीय हामिद अली पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सरगोधा शहर का रहने वाला था।

इसी तरह की एक घटना में, 23 मई को, उत्तरी वजीरिस्तान में एक चेक पोस्ट पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले में दो पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई थी, स्थानीय मीडिया ने बताया। आईएसपीआर के बयान में कहा गया, ÷23 मई को, आतंकवादियों ने उत्तरी वजीरिस्तान जिले के सामान्य इलाके मीर अली में एक सैन्य चौकी पर हमला किया। सैनिकों ने त्वरित प्रतिक्रिया शुरू की। गोलीबारी के दौरान सिपाही जहूर खान (20) और सिपाही रहीम गुल (23) की मौत हो गई।

इससे पहले 15 अप्रैल को उत्तरी वजीरिस्तान में अफगानिस्तान सीमा के पास एक सैन्य काफिले पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में पाकिस्तानी सेना के सात जवान शहीद हो गए थे।

सेना के मीडिया विंग ने कहा था कि आतंकवादियों ने 14 अप्रैल को कबायली जिले के ईशाम इलाके में सुरक्षा बलों के एक वाहन पर घात लगाकर हमला किया था। सैनिकों ने हमलावरों को प्रभावी ढंग से उलझाकर तुरंत जवाबी कार्रवाई की। और मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए।

आजादी के बाद कई घर होंगे बिजली से रोशन

» विद्युतीकरण हेतु राज्य सरकार ने की 8 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर।

» डेढ़ माह के भीतर मुख्यमंत्री की घोषणा पर अमल,भूपेश है तो भरोसा हैःकमरो

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो की मांग पर प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा अपनी घोषणा के डेढ़ माह के भीतर भरतपुर विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य हेतु जहां 6 करोड़ 14 लाख 27 हजार की राशि मंजूर की है वहीं सोनहत विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य हेतु 2 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। इस प्रकार दोनों विकासखंडों में लगभग 8 करोड़ से भी ज्यादा की राशि मंजूर कर प्रदेश के मुखिया ने आजादी के 75 वर्षों बाद बिजली की कमी से अंधेरे का दंश झेल रहे ग्रामीणों के जीवन में फैले अंधियारे को दूर करने का सार्थक प्रयास किया है। बहुप्रतीक्षित विद्युतीकरण कार्य हेतु विधायक के प्रयास पर मुख्यमंत्री द्वारा करोड़ों रूपए की राशि मंजूर किए जाने पर खुशी से आह्लादित ग्रामीणों ने विधायक और मुख्यमंत्री के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

उल्लेखनीय है कि वर्षों से बिजली की आस लगाए भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के कई गाँवों में शीघ्र बिजली की सुविधा मुहैया होने वाली है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में पहल शुरू कर दी है। विधानसभा क्षेत्र के भरतपुर विकासखंड की बात करें तो 28 जून को मुख्यमंत्री ने ग्राम पंचायत बहरासी में विधायक गुलाब कमरो की मांग पर गाँवों में विद्युतीकरण कार्य कराए जाने की घोषणा की थी और अपनी घोषणा के 45 दिनों के भीतर भरतपुर विकासखंड के आधा दर्जन ग्रामों में विद्युतीकरण कार्य हेतु राशि मंजूर किए जाने से सरकार के प्रति लोगों का विश्वास और प्रगाढ़ हुआ है। विद्युतीकरण कार्य हेतु ग्राम पंचायत बड़वार में 1 करोड़ 55 लाख, केसौड़ा में 95 लाख 60 हजार, धोबाताल ग्राम बघेल में 79 लाख 20 हजार, बड़गांवकला में 94 लाख 46 हजार, जनुवा में 83 लाख एवं ग्राम पंचायत मनियारी में 1 करोड़ 69 लाख की राशि राज्य शासन ने मंजूर किए हैं। वहीं सोनहत विकासखंड के ग्राम पंचायत कचोहर में 70 लाख 13 हजार, बंशीपुर में 39 लाख 54 हजार, नवाटोला में 37 लाख 46 हजार, ग्राम पंचायत चंदहा के स्कूलपारा में 24 लाख 48 हजार तथा चंदहा के मेन रोड में विद्युतीकरण कार्य हेतु 27 लाख 81 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार दोनों विकासखंडों के 10 ग्राम पंचायतों में 8 करोड़ से भी अधिक की राशि से बहुप्रतीक्षित विद्युतीकरण कार्य संपन्न होने से आजादी के इतने वर्षों बाद कई गाँव रोशनी से जगमगाएंगे और बिजली जैसी बुनियादी सुविधा का लाभ मिलने से लोगों की जिंदगी खुशहाल होगी। विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार आम जनता तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता से मुहैया कराने प्रदेश की संवेदनशील सरकार कृत संकल्पित है।

हजारों की आबादी होगी लाभान्वित

विधायक गुलाब कमरो के अथक प्रयास से मिले विद्युतीकरण की सौगात से भरतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़वार के 1 हजार ग्रामीण, केसौड़ा के 900, धोबाताल ग्राम बघेल के 400, बड़गांव के 11 सौ, जनुवा के 300 एवं मनियारी के 800 तथा विकासखंड सोनहत में ग्राम पंचायत कचोहर के 400, बंशीपुर के 500, नवाटोला के 600 एवं ग्राम पंचायत चंदहा के 800 ग्रामीण लाभान्वित होंगे जो अब तक किसी प्रकार सोलर लाइट की सुविधा में किसी प्रकार अपना दिन काट रहे थे।

ग्रामीण जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

ग्राम पंचायत बड़वार की महिला सरपंच समुद्री देवी, कसौड़ा सरपंच मुन्नी बाई, धोबाताल सरपंच कुंवरवती चेरवा, बड़गांवकला सरपंच जीवन लाल, जनुवा सरपंच भगत सिंह नेटी, मनियारी सरपंच हिरौदिया, कचोहर सरपंच अनीता सोनवंशी, बंशीपुर सरपंच जीवन, नवाटोला सरपंच बसंत लाल सोनवंशी एवं चंदहा सरपंच बसपतिया सूर्यवंशी ने बहुप्रतीक्षित विद्युतीकरण कार्य की सौगात दिलाने वाले विधायक गुलाब कमरो एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

हमेशा विवादों में रहने वाले रेंजर पर कार्यवाही नहीं होने अफसरों के कार्यशैली पर खड़े हुए सवालिया निशान

-ओमकार पाण्डेय-

सूरजपुर 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

विवादों में रहने वाले वन परिक्षेत्र सूरजपुर के प्रभारी रेंजर पर अनिमियता का आरोप लगने के बाद भी कार्यवाही नही होने से अफसरों के कार्यशैली पर सावलियां निशान खड़े हो रहे है। एक दफा फिर से प्रभारी रेंजर के कार्य के कारण वन विभाग की छवि धूमिल हो रही है। बीते दिन 19 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी के दिन राज्य सरकार द्वारा कृष्णा कुंज का शुभारंभ अव्यवस्था के बीच संपन्न हुआ है।वन विभाग द्वारा आयोजित कृष्णा कुंज के कार्यक्रम के लिए बने आमंत्रण पत्र व वन विभाग द्वारा बने बैनर में कांग्रेस के नेताओं ने नाराजगी जाहिर की है। कृष्णा कुंज कार्यक्रम के लिए

बने आमंत्रण कार्ड में कार्यक्रम का स्थान का उल्लेख नही होने से कार्यक्रम में शिरकत करने वाले सत्ता पक्ष के नेता विपक्ष के नेता स्थान को लेकर भ्रमित थे। देर रात्रि सोशल मीडिया में हंगामा होने के बाद डीएफओ संजय यादव ने जगह का उल्लेख करते लोकेशन भेजा। वहीं विभाग की ओर से बने बैनर में प्रभारी मंत्री शिवकुमार डहरिया का तस्वीर गायब था। जिसे लेकर स्थानीय नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए अपमान का आरोप लगाया है। साथ ही कार्यक्रम चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में एसडीओ सूरजपुर अनिल सिंह ने चर्चा में कहा कि एक्चुअल में मुझे उस जगह का नाम पता नही था। मुझे यह जरूर पता है कि वार्ड क्रमांक 4 है। इसके लिए ज्यादा जानकारी रेंजर ही बता पाएंगे। वहीं अन्य प्रभारी मंत्री का तस्वीर बैनर में नही होने के सवाल पर कहा कि चूक तो हुई है। आने वाले दिनों में ध्यान रखा जाएगा। कार्यक्रम में पहुंचे सत्ता पक्ष के कई नेताओं ने अवस्था को लेकर नाराजगी जताई और प्रभारी रेंजर को हटाने के लिए भी उन्होंने कहा कि उच्च स्तर शिकायत करेंगे। इससे समय रहते तत्काल दूसरे जगह तबादला करना ही भला होगा कई बार चूक करते रहते है।

कदरेवां के स्कूलों में हमर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित

-नगर संवाददाता-

खड़गवां 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

विद्यालयों व् ग्रामीणजनों में आज़ादी के असली मायने समझाते हुए निरक्षरता के चंगुल से आज़ादी पाकर सभी को बेहतर गुणवत्ता की शिक्षा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को प्राथमिक शाला व् माध्यमिक शाला कदरेवां के बच्चे संयुक्त रूप से प्रभात फेरी निकालकर विभिन्न नारों के साथ हमर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस दौरान माध्यमिक शाला की प्रधानपाठिका शुभमावती, शिक्षक किरण कौशिक, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक देव सिंह व् शिक्षक संजय गिरि नें विस्तार से छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित हमर तिरंगा कार्यक्रम के उद्देश्यों व् महत्व को बताया। विदित हो कि 20 अगस्त से 30 अगस्त तक लगातार विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।गिरि नें बताया कि जन जन में देशभक्ति की भावना के प्रसार, शहीदों की शौर्य गाथाओं को जन जन तक पहुचाने व् छत्तीसगढ़ के नागरिकों में देश के प्रति समर्पित रहने की भावना के विकास हेतु यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

कार्यलय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिक खण्ड अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)
//Notice Inviting Tender//

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा (जल जीवन मिशन अंतर्गत) ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

Sr. No.	Tender No. (System No.)& Date	Last Date (Bid Due Date)	Name of work	P.A.C. (Rs. In lakh)
1	14(97559) Date 19.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village POKSHARI Block-BATAULI.Under JJM.	399.18
2	15 (97581) Date 19.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-UNCHADIH Block-LUNDRA,Under JJM.	104.70
3	16(97601) Date 19.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-KIHURANDIH Block-LUNDRA,Under JJM.	64.15
4	19(97615) Date 19.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-BANSAJHAL Block- BATAULI.Under JJM.	80.29
5	20(97790) Date 19.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-BELKOTA Block-BATAULI.Under JJM	125.66
6	22(98067) Date 26.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-DUMARDIH Block-UDAIPUR .Under JJM.	67.96
7	23 (98078) Date 26.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-PALGDHI, Block-LAKHANPUR .Under JJM.	77.05
8	24 (98079) Date 26.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-PIPARKHARAM-ERA Block-LAKHANPUR .Under JJM.	92.57
9	25 (98149) Date 26.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-PUTTA, Block-LAKHANPUR .Under JJM.	108.96
10	10 (98151) Date 26.04.2022	29.08.2022	Constt of . o. ll. T.. pipeline work, Instt. or Submersible pump, provlding of FIITC, ctc. At village-NARMADAPARA Block-AMBIKAPUER,Under JJM	120.22

उपरोक्त निमार्ण कार्यों की ऑनलाईन (Online Tender) टेण्डर आमंत्रित की जाती है। धरोहर राशि एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेव पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) पर देखी जा सकती है।

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

जी.नं-93695/3

कार्यपालन अभियन्ता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
अम्बिकापुर

कोरबा नगर निगम सहित जिले में पांच कृष्ण कुंज का किया गया लोकार्पण

-नगर संवाददाता-

कोरबा, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार नगरीय क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा देने तथा एक ही जगह पर विभिन्न प्रकार के धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व के पौधों की उपलब्धता के उद्देश्य से नगर निगम कोरबा क्षेत्र अंतर्गत रिसदी सहित नगर पंचायत पाली अंतर्गत केराझरिया, नगर पालिका कटघोरा, नगर पंचायत छुरीकला और नगर पालिका दीपका अंतर्गत नागिन झोरकी में कृष्ण कुंज का लोकार्पण किया गया।रिसदी में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला कंवर की मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, अधिकारी-कर्मचारियों सहित नन्हे-मुन्ने बच्चों ने भी नीम, बरगद, आंवला, पीपल के पौधों का रोपण किया। रिसदी में कृष्ण कुंज के लोकार्पण अवसर पर

जिला पंचायत अध्यक्ष ने अमरूद, महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कदम, विधायक ननकीराम कंवर ने बरगद, कलेक्टर संजीव झा ने बादाम और पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने सीताफल पौधे का रोपण किया। दीपका के नागिन झोरकी में कृष्ण कुंज लोकार्पण कार्यक्रम में कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर शामिल हुए। इसी प्रकार नगर पंचायत पाली के केराझरिया में आयोजित समारोह में गौ सेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा ने पौधा रोपण कर कृष्ण कुंज का लोकार्पण किया। कृष्ण कुंज के माध्यम से नगरवासियों को पूजा-पाठ और विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठानों के लिए आवश्यक पौधे एक ही जगह पर उपलब्ध हो सकेंगे। शहरवासियों को आस्था और पौराणिक महत्व के पौधे सुलभ तरीके से कृष्ण कुंज में उपलब्ध रहेंगे। जिनका लाभ शहरवासी ले सकेंगे। रिसदी के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती शिवकला कंवर ने कृष्ण कुंज के लोकार्पण की बधाई देते हुए कहा कि शासन की मंशा अनुसार अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनका संरक्षण और संवर्धन करना ही हमारा उद्देश्य है। कृष्ण कुंज पौधों के संरक्षण की दिशा में विशेष योजना हैं। इस मौके पर रामपुर विधायक ननकीराम कंवर ने कहा कि सभी पौधे प्रकृति और वातावरण की देन है। प्रकृति के बिना जीवन नगण्य है। प्रकृति आध्यात्म से जुड़ा हुआ है। सभी पौधे प्राण वायु देने का काम करते है। इसीलिए वृक्षों का रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। उन्होने कृष्ण कुंज में बरगद के पौधे रोपित करने के पश्चात् कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैंने बरगद का वृक्ष लगाया। बरगद को देव स्वरूप माना जाता है। उन्होने पौधों के देखभाल के लिए लोगों को सचेत रहने की अपील की। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कृष्ण कुंज की बधाई देते हुए कहा कि कृष्ण कुंज में रोपे गए धार्मिक और पौराणिक मूलक पौधे से कोरबावासी लाभान्वित होंगे। उन्होने कृष्ण कुंज योजना की सफलता की कामना करते हुए पौधों की संरक्षण सुनिश्चित करने की अपील की।

हाईस्कूल के प्राचार्य पर विद्यार्थियों को पीटने एवं उन्हें स्कूल से बाहर निकाल देने का आरोप

-राजा मुखर्जी-

कोरबा, 20 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।

जिले के करतला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तुमान में संचालित हाईस्कूल एक बार फिर सुर्खियों में । पूर्व के दिनों में यहां प्राचार्य की पदस्थापना को लेकर जहां विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है वहीं इस बार यहां के प्राचार्य पी.पटेल पर विद्यार्थियों को पीटने एवं उन्हें स्कूल से बाहर निकाल देने का मौखिक आरोप लगाया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमान का यह घटनाक्रम 18 अगस्त गुरुवार का बताया जा रहा है। विद्यालय आने वाले कुछ बच्चों को प्राचार्य के द्वारा न सिर्फ पीटा गया बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी विद्यालय परिसर से बाहर निकालकर मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। इस दौरान मचे गहमा-गहमी पूर्ण हंगामा की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम भी विद्यालय पहुंची और कुछ देर बाद वापस लौट गई।

विद्यार्थियों के परिजन विद्यालय पहुंचे थे, जिन्होंने प्राचार्य से बात करते हुए कई तरह के आरोप लगाए। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान शाला प्रबंध समिति की अध्यक्ष श्रीमती जानकी चंद्रा व अन्य सदस्यगण भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों के परिजनों का आरोप है कि बच्चों को काला जूता, लाल मोजा, लाल रंग की टाई, काला रंग का बेल्ट, सफेद शर्ट-पैंट, सफेद शर्ट-खाकी पैंट, स्कूल बैग, पानी बोतल व टिफिन के साथ ही आने के लिए कहा जा रहा है। जिनके पास ये सभी सामान नहीं होंगे वे स्कूल नहीं आएंगे, ऐसा फरमान सुनाया गया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी स्कूल में गरीबों के बच्चे पढ़ते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं होती कि वे सभी जरूरतों को पूरा कर सकें। विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों ने प्राचार्य पर जातिगत सहित और भी दुर्व्यवहार के आरोप लगाए हैं। इस पूरे मामले में प्राचार्य पी. पटेल ने बताया कि 16 जून से विद्यालय प्रारंभ हो चुका है। दो माह के बाद भी विद्यार्थी पूरे गणवेश में नहीं आ रहे हैं। उन्हें अनुशासन का पाठ पढ़ाना जरूरी है। कई विद्यार्थी समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते और प्रार्थना में भी उपस्थित नहीं होते हैं। कुछ विद्यार्थी कक्षा प्रारंभ होने के बाद भी परिसर में घूमते रहते हैं। ऐसे विद्यार्थियों को फटकार लगाने के साथ ही परिसर से बाहर सजा के तौर पर किया गया। रही बात गणवेश और अन्य संसाधनों की तो, विद्यार्थियों से कहा गया है कि उनके परिजन सक्षम नहीं है तो एक आवेदन लिखकर दें। आवेदन के आधार पर उन्हें गणवेश से लेकर जूता-मोजा, टाई, बोतल, टिफिन, कॉपी-किताब इत्यादि सरकारी खर्च पर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए शासन की ओर से विद्यालयों को राशि प्रदान की जाती है। विद्यालय के 4 विद्यार्थियों को उन्होंने फीस माफी, फीस कम करने की सुविधा उनके आवेदन पर प्रदान की है। विद्यार्थियों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया गया है बल्कि कुछ विद्यार्थी ज्यादा ही होशियार हैं और माहौल खराब करने के लिए डायल 112 को फोन कर बुला लिए थे।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर
जिला -सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजनाथ पाण्डेय आ0 रामअनुग्रह पाण्डेय जाति ब्राम्हण निवासी ग्राम/नगर केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 60/36 रकबा 0.039 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1,खसरा, नक्शा, सेटलमेन्ट,भूमि उपयोगिता प्रमाण पत्र,रजिस्ट्री की प्रति, आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है,जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 06/09/2022 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी (रा) अम्बिकापुर

दिनांक	मैच	वेन्यू
27 अगस्त	श्रीलंका vs अफगानिस्तान	दुबई
28 अगस्त	भारत vs पाकिस्तान	दुबई
30 अगस्त	बांग्लादेश vs अफगानिस्तान	शारजाह
31 अगस्त	भारत vs क्वालीफायर	दुबई
1 सितंबर	श्रीलंका vs बांग्लादेश	दुबई
2 सितंबर	पाकिस्तान vs क्वालिफायर	शारजाह
3 सितंबर	बी1 vs बी2	शारजाह
4 सितंबर	ए1 vs ए2	दुबई
6 सितंबर	ए1 vs बी1	दुबई
7 सितंबर	ए2 vs बी2	दुबई
8 सितंबर	ए1 vs बी2	दुबई
9 सितंबर	बी1 vs ए2	दुबई
11 सितंबर	फाइनल	दुबई

एशिया कप 2022 के लिए हुआ सभी टीमों के स्क्वॉयड का ऐलान

नई दिल्ली ,20 अगस्त2022 । एशिया कप 2022 का आगाज यूएई में 27 अगस्त से होने जा रहा है। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच होगा, वहीं भारत अपने अभियान का आगाज 28 अगस्त को चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलकर करेगा। एशिया कप के 15वें संस्करण की मेजबानी श्रीलंका को मिली थी, मगर देश में चल रहे आर्थिक संकट को देखते हुए बोर्ड ने अपने हाथ पीछे खींच लिए।

इस बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इस साल भारत के अलावा कुल 6 टीमें हिस्सा ले रही है जिसमें पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान की टीम शामिल हैं। एक अन्य टीम क्वॉलीफायर राउंड पर कर इन टीमों के साथ जुड़ेगी। इन टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रूप ए में भारत और पाकिस्तान के साथ क्वॉलीफाई करने वाली टीम होगी, वहीं ग्रूप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान हैं।

एशिया कप के लिए सभी टीमों का स्क्वॉयड इस प्रकार है-

भारत:- रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, दीपक हुड्डा, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, युजवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह, अवेश खान।

पाकिस्तान:- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, शाहनवाज दहानी, उस्मान कादिर।

अफगानिस्तान:-मोहम्मद नबी (कप्तान), नजीबुल्लाह जादरान (उपकप्तान), अफसर जजई (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, फरीद अहमद मलिक, फजल हक फारूकी, हशमतुल्ला शाहिदी, हजरतुल्लाह जजई, इब्राहिम जादरान, करीम जनत, मुजीब उर रहमान, नजीबुल्लाह जादरान, नूर अहमद, नजीबुल्ला जादरान, नूर अहमद रहमानुल्ला गुरबाज, राशिद खान, समीउल्लाह शिनवारी।

रिजर्व खिलाड़ी:- निजात मसूद, कैस अहमद, शराफुद्दीन अशरफ।

बांग्लादेश:-शाकिब अल हसन (कप्तान), अनामुल हक, मुशफ़िकुर रहीम, अफ़िफ हुसैन, मोसद्देक हुसैन, महमुदउल्लाह रियाद, महेदी हसन, मोहम्मद सैफुद्दीन, हसन महमूद, मुस्ताफ़िज़ुर रहमान, नासुम अहमद, शब्बीर रहमान, महेदी हसन मिराज, इबादत हुसैन, परवेज हुसैन इमॉन, नुरुल हसन सोहन, तस्कीन अहमद।

श्रीलंका:- दासुन शनाका (कप्तान), धनुषका गुणथिलका, पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, चरित असलंका, बानुका राजपक्षे, आशेन बंडारा, धनंजया डी सिल्वा, वनिदु हसरंगा, महेश थीक्षाना, जेफ़री वांडरसे, प्रवीण जयविक्रेमा, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, चामिका फर्नांडो, मदुशंका, मथीशा पथिराना, दिनेश चांदीमल, नुवानिंदु फर्नांडो और कसुन रजिता।

एशिया कप 2022 का पूरा शेड्यूल इस प्रकार है:-

पहला मैच - 27 अगस्त - श्रीलंका बनाम अफगानिस्तान - दुबई
दूसरा मैच - 28 अगस्त - भारत बनाम पाकिस्तान - दुबई
तीसरा मैच - 30 अगस्त - बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान - शारजाह
चौथा मैच - 31 अगस्त - भारत बनाम क्वॉलीफायर - दुबई
पांचवां मैच - 1 सितंबर - श्रीलंका बनाम बांग्लादेश - दुबई
छठा मैच - 2 सितंबर - पाकिस्तान बनाम क्वॉलीफायर - शारजाह
सातवां मैच - 3 सितंबर - बी1 बनाम बी2 - शारजाह
आठवां मैच - 4 सितंबर - ए1 बनाम ए2 - दुबई
नौवां मैच - 6 सितंबर - ए1 बनाम बी1 - दुबई
दसवां मैच - 7 सितंबर - ए2 बनाम बी2 - दुबई
11वां मैच - 8 सितंबर - ए1 बनाम बी2 - दुबई
12वां मैच - 9 सितंबर - बी1 बनाम ए2 - दुबई
फाइनल मैच - 11 सितंबर - 1ह्यह्ल सुपर 4 बनाम 2ठ्ठस्न सुपर 4 टीम - दुबई

एशिया कप 2022 लाइव स्ट्रीमिंग डिटेल-

एशिया कप 2022 का लाइव टेलिकास्ट भारत में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा, वहीं मोबाइल पर इस टूर्नामेंट के मैचों का लुत्फ फैंस हॉटस्टार पर भी उठा सकते हैं। भारतीय समयानुसार सभी मुकाबले 7 बजकर 30 मिनट पर शुरू होंगे।

दूसरे वनडे में भी भारत की एकतरफा जीत

जिंबाब्वे को 5 विकेट से हराया

संजू सैमसन बने मैन ऑफ द मैच

नई दिल्ली ,20 अगस्त2022 । भारत और जिंबाब्वे के बीच तीन एकदिवसीय मुकाबलों की श्रृंखला खेली जा रही है। आज दूसरा मुकाबला हरारे में खेला गया है जहां जिंबाब्वे को एक बार फिर से टीम इंडिया ने जबरदस्त तरीके से हराया है। टॉस जीतकर भारत ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। भारतीय गेंदबाजों ने आज भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जिंबाब्वे की टीम को 161 रनों के स्कोर पर ऑल आउट कर दिया। भारत को जीत के लिए 162 रन बनाने थे जिससे टीम इंडिया ने 5 विकेट के नुकसान पर 25.4 ओवर में हासिल कर लिया। भारत की ओर से संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा 39 गेंदों में 43 रनों की पारी खेली। इसमें 4 छक्के और 3 चौके शामिल हैं। संजू सैमसन को इस पारी के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया है। इसके अलावा शुभमन गिल और शिखर धवन ने 33-33 रनों की पारी खेली। दीपक हुड्डा ने 25 रन बनाए। वहीं कप्तान केएल राहुल 1 रन और इशान किशन 6 रन बनाकर आउट हुए।

टीम में वापसी करने वाले तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के दम पर भारत ने दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में शनिवार को जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराया है। तीन मैचों की श्रृंखला में भारत 2.0 की विजयी बढत बना ली। कप्तान केएल राहुल ने अगले सप्ताह शुरू हो रहे एशिया कप से पहले बल्लेबाजी अभ्यास के लिये शिखर धवन के साथ पारी की शुरूआत की लेकिन दूसरे ही ओवर में पांच गेंद में एक रन बनाकर विक्टर एनयुची की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। धवन और शुभमन गिल ने दूसरे विकेट के लिये 42 रन जोड़े। पहले वनडे में भारत को दस विकेट से जीत दिलाने वाली इस जोड़ी को तनाका चिवांगा ने सातवें ओवर में धवन को इनोसेंट काइया के हाथों लपकवाकर तोड़ा। इसके बाद ल्यूक जोंगवे ने 12वें और 14वें ओवर में क्रमश- ईशान किशन (छह) और गिल (33) को पवेलियन भेजकर भारत को दो झटके दिये। दीपक हुड्डा (25) और संजू सैमसन (नाबाद 43) ने 56 रन की साझेदारी करके जीत को आसान बना दिया। हुड्डा उस समय सिकंदर रजा का शिकार हुए जब भारत को नौ रन की जरूरत थी। सैमसन ने काइया को छक्का लगाकर विजयी रन लिये।

इससे पहले दीपक चाहर की गैर मौजूदगी में टीम में जगह बनाने वाले ठाकुर ने 12वें ओवर में जिम्बाब्वे को दोहरे झटके दिये। उन्होंने सात ओवर में 38 रन देकर तीन विकेट चटकाये। जिम्बाब्वे के लिये सीन विलियम्स ने 42 गेंद में एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 42 रन बनाये। उनके क्रीज पर आने के समय मेजबान का स्कोर 13वें ओवर में चार विकेट पर 31 रन था। अनियमित आफ स्पिनर दीपक हुड्डा ने विलियम्स को आउट किया जिनका कैच डीप स्क्वेयर लेग पर शिखर धवन ने लपका। रियान बुर्ल ने 47 गेंद में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाये लेकिन दूसरे छोर पर उनका साथ देने के लिये बल्लेबाज नहीं बचे थे। जिम्बाब्वे ने आखिरी तीन विकेट आठ गेंद के भीतर गंवा दिये जिनमें विक्टर एनयुची और तनाका चिवांगा रन आउट हुए।

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

झूलन की वापसी,किरण नवगीरे को टी 20 टीम में मिला मौका

नई दिल्ली ,20 अगस्त2022 । अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी ने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी की है जबकि महिला टी20 चैलेंज में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाली किरण नवगीरे को पहली बार सबसे छोटे प्रारूप की टीम में शामिल किया गया है। भारतीय टीम सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए दो सप्ताह के इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस दौरान वह तीन टी20 मैच और इतने ही वनडे मैच खेलेगी। टी20 मैच होव (10 सितंबर), डर्बी (13 सितंबर) और ब्रिस्टल (15 सितंबर) में होंगे, जबकि वनडे होव (18 सितंबर), कैनेट्रबरी (21 सितंबर) और लॉर्ड्स (24 सितंबर) में खेले जाएंगे। तीन महीने के अंदर 40 साल की होने वाली झूलन गोस्वामी ने अपना आखिरी वनडे मैच इस साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ न्यूजीलैंड में विश्व कप में खेला था।

विश्वकप के बाद उनकी समकालीन मिताली राज ने संन्यास ले लिया था जबकि इस तेज गेंदबाज को चोटिल होने के कारण श्रीलंका दौरे के लिए नहीं चुना गया था। इसके बाद कयास लगाए जा रहे थे कि वह भी संन्यास ले सकती हैं लेकिन अब तक 201 मैचों में रिकॉर्ड 252 विकेट लेने वाली गोस्वामी खेलने के लिए तैयार है। टी20 टीम में ऋचा घोष की वापसी हुई है। उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों के लिए टीम में नहीं चुने जाने पर सवाल उठाए गए थे। उनकी जगह चुनी गई तानिया

भाटिया ने इंग्लैंड दौरे के लिए दोनों टीमों में जगह बनाई है। घोष को जहां टी20 टीम में जगह मिली है वही यास्तिका भाटिया वनडे टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में सफल रही है। चयनकर्ताओं ने किरण नवगीरे को महिला टी20 चैलेंज में उनके शानदार प्रदर्शन का इनाम दिया है। महाराष्ट्र की रहने वाली किरण घरेलू क्रिकेट में नगालैंड की तरफ से खेलती हैं। उन्होंने महिला टी20 चैलेंज में वेलोसिटी की तरफ से ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ 34 गेंदों पर 69 रन बनाए थे जिसमें पांच गगनदायी छक्के शामिल थे। वह शैफाली वर्मा और ऋचा के साथ मिलकर भारतीय टीम में पावर हिटिंग के नए आयाम जोड़ सकती हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे और स्पिनर पूनम यादव को फिर से नजरअंदाज किया गया।

टीमें इस प्रकार हैं-

टी20 टीम:- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राधा यादव, सबिनेनी मेघना, तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), राजेश्वरी गायकवाड़, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), के.पी. नवगीर।

वनडे टीम हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली वर्मा, सब्बीनेनी मेघना, दीप्ति शर्मा, तानिया सपना भाटिया (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, रेणुका ठाकुर, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़, हरलीन देओल, दयालन हेमलता, सिमरन दिल बहादुर, झूलन गोस्वामी, जेमिमा रोड्रिग्स।

बॉबी सिम्हा-स्टारर 'थड़ाई उदय' पूरी होने के करीब

निर्देशक एन एस राकेश की आगामी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'थडाई उदय', जिसमें राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता बॉबी सिम्हा और मीशा नारंग मुख्य भूमिका में हैं, शूटिंग के अपने अंतिम चरण में प्रवेश कर गई है।

यूनिट के करीबी सूत्रों ने कहा कि फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है, क्योंकि फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री रोहिणी ने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म में अभिनेता प्रभु, सेंथिल, रॉबिन, सरथ रवि और दीपक परमेष भी शामिल हैं। आउट-एंड-आउट एक्शन थ्रिलर ने भी फिल्म प्रेमियों के बीच भारी दिलचस्पी पैदा की है। तमिल फिल्म उद्योग के प्रतीक माने जाने वाले जाने-माने कॉमेडियन सेंथिल पहली बार अपने असली बेटे के साथ अभिनय करते नजर आएंगे।दिलचस्प बात यह है कि सेंथिल और उनके बेटे दोनों ने फिल्म में पिता और पुत्र की भी भूमिका निभाई है। डॉ मणिकंद प्रभु, सेंथिल के बेटे, वास्तविक जीवन में एक डेंटल सर्जन हैं और अब तक खुद को एक महत्वाकांक्षी अभिनेता कहते हैं।

एलनाज ने अपने भीतर की 'मराठी मुल्गी' को नए 'ताकातक 2' ट्रैक में दिखाया

रिलायंस एंटरटेनमेंट स्टूडियोज की आगामी फिल्म 'ताकातक 2' के 'हृदय वसंत फुल्टाना' के नवीनतम ट्रैक में अभिनेत्री एल्नाज नोरौजी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और वह बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। हृदय वसंत फुल्टाना में एलनाज को उनके ग्लैमरस सर्वश्रेष्ठ रूप में दिखाया गया है, जबकि वह फिल्म के मुख्य कलाकारों के साथ थिरकती हैं। प्रमुख सितारे प्रथमेश परब, भूमिका कदम, प्रणली भालेराव, कोमल बोडखे, अजिंक्य राउत और अक्षय केलकर भी गाने में अपने आकर्षक कदमों के साथ अपनी पकड़ रखते हैं।

श्रुति राणे द्वारा गाए गए वरुण लिखेटे द्वारा रचित, जय अत्रे के गीतों के साथ, धुन हर किसी को अपनी आकर्षक धुन और फंकी बीट्स के लिए धन्यवाद देना चाहती है।

पहले ताकातक ने अपनी 'हॉट एंड हटके' कॉमेडी के साथ दर्शकों को खूब हंसाया था, और निर्माताओं ने पहले ही वादा किया है कि तकातक 2 चीजों को बड़े पैमाने पर अगले स्तर पर ले जाएगा।

ईरानी सुंदरता एक अंतरराष्ट्रीय मॉडल और बॉलीवुड अभिनेत्री है। वह सैफ अली खान और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ भारत की पहली नेटफ्लिक्स मूल श्रृंखला 'सेक्रेड गेम्स' में दिखाई दी थी। वह 'अभय', न्यू जी 5 ओरिजिनल सीरीज का भी हिस्सा रही हैं।

रिलायंस एंटरटेनमेंट स्टूडियोज ने पर्पल बुल एंटरटेनमेंट के साथ मिलिंद कावड़े द्वारा निर्देशित ओम प्रकाश भट्ट, नरेश चौधरी, आदित्य जोशी द्वारा निर्मित 'तकातक 2' को 18 अगस्त से सिनेमाघरों में प्रस्तुत किया है।

सलमान अली नए हार्ट ब्रेक सिंगल में दिखेंगी अमीका शैल

सिंगर से एक्ट्रेस बनी अमिका शैल इंडियन आइडल विनर सलमान अली के अगले सिंगल धोखा में नजर आने वाली हैं। विजय वर्मा द्वारा निर्देशित और संजीव शर्मा द्वारा कोरियोग्राफ किए गए इस वीडियो में अमिका के साथ टेलीविजन हार्टथ्रोब गौरव सरीन भी हैं।

इस एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए अमिका कहती हैं, यह गाना कई कारणों से मेरे लिए बेहद खास है। सलमान अली और गौरव सरीन जैसे कुछ अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली नाम इस ट्रैक से जुड़े हैं और मैं वास्तव में उनके काम की प्रशंसा करती हूं। गाने की शूटिंग उत्तराखंड में अद्वितीय स्थानों में हुई जिसका अनुभव शानदार रहा। यह गहरा, सार्थक और कुछ ऐसा है जिस पर मुझे व्यक्तिगत रूप से गर्व है। मैं इस टीम के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हूं।

यह गीत आगामी त्योहारी सीजन के दौरान रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है और अभिनेत्री के अन्य दो गाने भी शूट हो चुके है और फिलहाल संपादन प्रक्रिया में हैं। मुझे उन लोगों से कई संदेश मिल रहे हैं जिन्होंने संपादन के दौरान गीत को देखा है। कथित तौर पर इसे देखकर सभी रो पड़े। यह गीत मेरे सभी प्रशंसकों और दर्शकों के लिए है, जिन्होंने वर्षों से अपना समर्थन और अंतहीन प्यार दिया है, अमिका ने इस पल के लिए साइन आउट करते हुए कहा।

मैं एक अभिनेत्री के रूप में बहुत स्वार्थी हूं और सबसे अलग दिखना चाहती हूं: काम्या पंजाबी

'बनू मैं तेरी दुल्हन' में सिंदूर की भूमिका से मशहूर हुईं काम्या पंजाबी अब 'संजोग' में गौरी नाम की बंजारन की भूमिका निभाती नजर आएंगी। किरदार में ढलने के लिए, अभिनेत्री का कहना है कि अन्य अभिनेत्रियों से अलग दिखने के लिए, काम्या ने आगामी शो के लिए राजस्थानी लुक लिया है। काम्या कहती हैं, मैं अपने चरित्र की तरह दिखना चाहती थी। गौरी कैसे दिखेगी और अन्य अभिनेत्रियों से अलग दिखेगी। मूल रूप से मैं एक अभिनेत्री के रूप में बहुत स्वार्थी हूं और मैं जो भी भूमिका निभा रही हूं, उसमें मैं सबसे अलग दिखना चाहती हूं। उन्होंने शो की शूटिंग के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया। मुझे पता है कि काम्या कैसी दिखती है, यह देखने में किसी को दिलचस्पी नहीं है, लेकिन हर कोई देखना चाहता है कि वह गौरी को अपने पिछले किरदारों से अलग कैसे दिखा सकती है।

काम्या ने इस बारे में बात की कि उनके लिए सबसे कठिन काम भाषा में महारत हासिल करना है।

मैं एक पंजाबी हूं इसलिए राजस्थानी उच्चारण आसानी से नहीं आता है। यह कभी-कभी इतना मुश्किल होता है कि जहां मुझे राजस्थानी में 'मन्ने' कहना पड़ता है, मैं इसे पंजाबी में 'मैनू' कहती हूं। तो, हां भाषा एक चुनौतीपूर्ण हिस्सा है लेकिन मैं काम कर रही हूं और मुझे यकीन है कि धीरे-धीरे मैं और अधिक पूर्णता लाने में सक्षम हो जाऊंगी।

संक्षिप्त समाचार

जन्मदिन पर पूरे परिवार ने की देहदान की घोषणा

दुर्ग, 20 अगस्त 2022। जैनम होम डेकोर के संचालक अतुल जैन(37) के जन्मदिन के अवसर पर पुरे परिवार ने देहदान की घोषणा कर वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया,कुलवंत भाटिय,रितेश जैन,राजेश पारख,हरमन दुलाई,जितेंद्र करिया,विकास जायसवाल को सौंपी।

अतुल की माता शोभना जैन ने कहा बहुत समय से मन में देहदान करने की इच्छा थी आज पुत्र के जन्मदिन को शुभ घडी मानते हुए हमने यह निर्णय लिया ताकि अतुल का जन्मदिन सार्थक हो सके. अतुल जैन, उनके पिता अशोक जैन ,मां शोभना जैन, पत्नी सुरभि जैन ने अपने देहदान की घोषणा की देहदान हेतु अतुल की बहन प्रीति आदित्य लुंकड ने सहमति दी. अतुल ने कहा मुझे यह जन्मदिन ताउम्र याद रहेगा आज हमारे परिवार ने मेरी माँ से प्रेरणा ले अपने जन्मदिन को यादगार बनाया।

नवदृष्टि फाउंडेशन के राजेश परख ने कहा जैन परिवार का निर्णय स्वागत योग्य है एवं अभी समाज को नेत्रदान व् देहदान हेतु अधिक जागरूक होने की जरुरत है जिसके लिए हमारी संस्था लगातार अभियान चला रही है,हरमन दुलाई ने जानकारी दी कि अभी भी मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रों हेतु केडेवर की भारी कमी है जिस से भविष्य के डाक्टरों को रिसर्च करने में असुविधा होती है लगातार देहदान से स्थिति सामान्य होगी।

बीच सड़क पर पेट्रोल से भरी टैंकर में लगी आग, मचा हड़कंप

ड्रायवर ने कूद कर बचाई जान

भिलाई , 20 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के भिलाई में शुक्रवार रात पावर हाउस मारूती शोरूम के पास करीब 9 बजे टैंकर में भयानक आग लग गई। आग की लपटें ऐसी थीं कि दूर दूर तक धुआं ही धुआं दिखाई दे रहा था। आग लगने की सूचना मिलने बाद फायर बिग्रेड मौके पर तो पहुंचा लेकिन वह भी टैंकर तक नहीं पहुंच पा रहा। आग के साथ बीच-बीच में टैंकर से धमाके भी हो रहे थे। जिससे लोगों में दहशत हो गई थी। इस दौरान फोरलेन पर दोनों ओर लंबा जाम लग गया।

राजीव गांधी न्याय योजना की दूसरी किश्त जारी, 26 लाख किसानों के खाते में 1750 करोड़ ट्रांसफर

रायपुर, 20 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को न्याय योजनाओं के लिए एक हजार 750 करोड़ रुपए की अधिक की राशि जारी की। इसमें राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत 2021 की दूसरी किश्त भी शामिल है।

मुख्यमंत्री निवास में आयोजित सादे समारोह में मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना की खरीफ वर्ष 2021 की दूसरी किश्त जारी की। इसके तहत 26 लाख 21 हजार किसानों को इनपुट सब्सिडी के रूप एक हजार 745 करोड़ रूपए की राशि उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। इससे पहले 21 मई को योजना की पहली किश्त में एक हजार 745 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था।

मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना से जुड़े लोगों को भी 5 करोड़ 24 लाख रुपए का भुगतान किया है। इस रकम मे से गोबर विक्रेताओं को 2 करोड़ 64 लाख रुपए तथा गौठान समितियों तथा स्व-सहायता समूह को 2 करोड़ 60 लाख रुपए का भुगतान किया गया है।

गोधन न्याय योजना से 2 लाख 52 हजार से अधिक पशुपालक ग्रामीण गोबर बेच कर सीधे लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें एक लाख 43 हजार से अधिक भूमिहीन लोग शामिल हैं। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना के तहत सरकार गौठानों के जरिए दो रुपए प्रति किलो की दर से गोबर तथा 4 रुपए लीटर की दर से गौमूत्र की खरीदी कर रही है।

पीपी 1 की बच्ची त्विशा ने अपने हुनर से सीजी का नाम किया रोशन, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

रायपुर, 20 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की रहने वाली 4.5 वर्षीय त्विषा गोयल ने हूला हूपिंग में राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। त्विषा ने 1 मिनट में 130 बार हूला हूप को चलते हुए अपनी कमर पर लगाकर लगातार घुमाया। यह अद्भुत करनामा बच्ची ने 4 माह की कड़ी मेहनत के बाद कर दिखाया।

त्विषा जैक एंड जिल विद्यालय की पीपी 1 कक्षा की छात्रा है। त्विषा गोयल की मां डॉ. चानन गोयल व पिता डॉ. विवेक गोयल ने बताया कि बच्ची ने बड़ी सहजता से इस कौशल को अपनाया व अब वह इसमें निपुण हो गई है। मां ने बच्ची की सफलता का श्रेय कोच आरवी सर को दिया है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स जो की भारत सरकार से रजिस्टर्ड रिकॉर्डिंग संस्था है। जिसमे इस प्रतिभा को सराहते हुए त्विषा का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया है। इस रिकॉर्ड को बनाकर त्विषा गोयल ने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

सड़क पर चलती ट्रक में अचानक लगी भीषण आग, देखते ही देखते पूरी गाड़ी जलकर खाक, ड्राइवर की

दुर्ग, 20 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के रायपुर दुर्ग नेशनल हाइवे में एक डामर से भरे ट्रक में भीषण आग लग गई. यह घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है. चलती ट्रक में आग लगता देख ड्राइवर ने उसे बसंत टॉकीज के पास सड़क में ही खड़ा कर वहां से भाग निकला। देखते ही देखते 10 चक्का ट्रक आग की लपटों में घिर गया और जलकर पूरी तरह खाक हो गया।



घटना की सूचना मिलने पर मौके में पहुंची 4 दमकल गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। छावनी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, एक 10 चक्का ट्रक डामर लोड करके रायपुर से दुर्ग की तरफ जा रहा था। अचानक चलते ट्रक में आग लग गई। और वह चारों तरफ से आग की लपटों में घिर गया।

फिर क्या था, ड्राइवर ने सड़क पर ही ट्रक को खड़ा किया और खुद की जान बचाकर भाग निकला। घटना के बाद आसपास काफी भीड़ लग गई। लोगों ने घटना की जानकारी छावनी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही छावनी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत बीएसपी व दुर्ग कंट्रोल रूम से फायर ब्रिगेड को बुलवाया। जिसके बाद आग पर काबू पाया। लोगों ने बताया कि ट्रक से डामर लीकेज हो रहा था। उसके गिरने के अवशेष भी सड़क पर देखे गए हैं। छावनी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छत्तीसगढ़ में सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल के पीछे आरएसएस का हाथ

मंत्री कवासी लखमा फिर चर्चा में, बृजमोहन अग्रवाल ने दिया करारा जवाब

रायपुर, 20 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में केंद्र के समान महंगाई भत्ता को लेकर 22 अगस्त से होने वाले सरकारी कर्मचारियों के आंदोलन पर बयानबाजी शुरु हो गई है। प्रदेश के आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने कहा है कि सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल के पीछे आरएसएस का हाथ है।

लखमा ने कहा कि कर्मचारियों की हड़ताल के पीछे आरएसएस का हाथ है। हड़ताल को लेकर कर्मचारियों को थोड़ा इंतजार करना चाहिए। ताली दोनों हाथ से बजती है। कवासी के बयान पर पलटवार करते हुए पूर्व मंत्री

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आरएसएस देशभक्ति व राष्ट्रभक्ति का जागरण करती है। अगर राष्ट्रीयता का जागरण और देशभक्ति का जागरण करने वाले लोग आंदोलन कर रहे हैं। मतलब भूपेश बघेल सरकार देशभक्ति व राष्ट्रभक्ति करने वाले के आंदोलन को कुचलना चाहती है। दरअसल छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारी केंद्र के समान 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता और एचआरए की मांग कर रहे हैं। कर्मचारियों ने पिछले महीने 25 से 29 जुलाई तक 5 दिनों का निश्चितकालीन आंदोलन किया गया। वित्त विभाग ने 16 अगस्त को 6त्न महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने का आदेश जारी किया गया है, लेकिन इस आदेश को लेकर कर्मचारी और अधिकारियों में भारी नाराजगी है।

गुस्साए गजराज के पास से गुजरना बाइक सवार युवकों का पड़ा भारी,1 की मौत दूसरा गंभीर

जशपुर, 20 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में हाथियों का अटैक जारी है। ताजा मामला जशपुर जिले से सामने आया है. जहां सड़क किनारे खड़े हाथी के पास से गुजरना बाइक सवार युवाओं को भारी पड़ गया। हाथी ने सूंड से बाइक को धक्का देकर युवकों को कुचल दिया। इस हमले में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जबकि तीसरे ने जैसे तैसे भागकर अपनी जान बचाई। यह घटना दुलदुला रेंज के हल्दीमुंडा गांव की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित कुमार बाइक में अपने दो साथियों के साथ फुटबाल मैच देख कर वापस घर की ओर लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के समय हाथी सड़क में ही खड़ा हुआ था। अति उत्साह में युवकों ने बाइक को हाथी के किनारे से निकालने का प्रयास किया। इसी समय हाथी ने बगल से निकल रही बाइक को सूढ़ से धक्का दे दिया। इससे असंतुलित हो कर बाइक सड़क में गिर गई। बाइक के गिरते ही हाथी ने नीचे गिरे हुए युवकों को पैर से रौंद दिया।

घटना मे बाइक में सवार ललित और मुकेश लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। वन विभाग के एसडीओ नवीन कुमार निराला ने बताया कि दोनों घायलों को बाइक चला रहे पंकज ने किसी तरह खींच कर हाथी से दूर ले गया और घटना की सूचना स्वजनों को दी। स्वजनों और ग्रामीणों की सहायता से दोनों घायलों को इलाज के लिए दुलदुला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान ललित की मृत्यु हो गई,वहीं मुकेश की हालत गंभीर बताई जा रही है। हाथी के रौंदने से उसके कमर में चोट आई है। घटना की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी घटना स्थल पर पहुंचे। मृतक और घायलों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

कृष्ण कुंज आयोजन में महिला विधायक की साड़ी थी कृष्ण प्रिंट वाली,पैरों में भगवान!

रायपुर, 20 अगस्त 2022। रायगढ़ जिले के सारंगढ़ विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े ऐन जन्माष्टमी और कृष्ण कुंज के आयोजन के दौरान कृष्ण प्रिंट वाली साड़ी के चक्कर में अपनी फजीहत करवा डाली हैं। शुक्रवार को सरकारी कृष्ण कुंज आयोजन में मंत्री उमेश पटेल भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

यह आयोजन कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत था और सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े कृष प्रिंट वाली सदी पहनकर पहुँच गई। लेकिन वो यह भूल गेन की भगवन कृष्ण के प्रिंट वाली साड़ी में कृष्ण जी की आकृति महिला विधायक के पैरों में थी। बस फिर क्या था महिला विधायक का यह वीडियो अब काफी वायरल हो चूका है। इधर भाजपा ने इसका विरोध करते हुए कहा है कि कांग्रेस न राम की है ऑन कृष्ण की इन्हे हिन्दू देवताओं का बस अपमान करना अत है।

बता दें की उत्तरी गनपत जांगड़े ने पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की केराबाई मनहर को लगभग 50000 वोटों से हराकर जीत हासिल की थी। 2018 में ही पहली बार उत्तरी जांगड़े विधायक बनी है। इससे पहले साल 2015 में सरपंच बनकर उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी। उत्तरी जांगड़े अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रही हैं।

1 लाख युवाओं के साथ जोरदार विरोध प्रदर्शन की तैयारी में जुटी बीजेपी, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या भी होंगे शामिल

रायपुर, 20 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 24 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन करने के तैयारी में है। भाजपा का टारगेट है रायपुर शहर में एक लाख युवाओं को जुटाना। बेरोजगारी, बढ़ते अपराध, नशाखोरी, बेरोजगारी भत्ता जैसे मुद्दों पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ ये प्रदर्शन होगा।

भारतीय जनता पार्टी के बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर की बैठकों में बृजमोहन अग्रवाल इस आंदोलन से लोगों को जोड़ने का प्रयास कर रह हैं। उन्होंने कहा युवाओं में जो गुस्सा है वह जल्द ही सड़कों पर नजर आएगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि, हम प्रशासन के कार्रवाई या FIR किए जाने की धमकियों से डरने वाले नहीं है।

अमित साहू ने कह हमने विरोध प्रदर्शन की रुपरेखा तय की है । युवा मोर्चा सड़कों पर उतरेगी और बेरोजगार युवकों के हक की आवाज बुलंद करेगी। पूरे प्रदेश से इस अभियान में युवा जुटेंगे। इस विरोध प्रदर्शन के कार्यक्रम में शामिल होने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या खुद पहुंच रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में बंदूक लाइसेंस धारकों का परीक्षण करने के निर्देश,आवश्यक नहीं होने पर होगी निरस्तीकरण की कार्रवाई

रायपुर, 20 अगस्त 2022। रायपुर पुलिस अपराध पर लगाम और अपराधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। ये कार्रवाई और बेहतर हो सके तथा आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास कायम रहे इसके लिए प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज पुलिस कंट्रोल रूम में रायपुर पुलिस के काम काज की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में गृहमंत्री ने पुलिस के अधिकारियो से कहा है कि वो साइबर सेल और सूचना तंत्र को ज्यादा मजबूत करें ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। गृहमंत्री ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि पीड़ित लोगो की रिपोर्ट थाने में आवश्यक रूप से दर्ज करें और अपराध की रोकथाम के लिए रातों में गश्त बढ़ाएं।

गृहमंत्री ने कहा है कि रायपुर पुलिस को नगर निगम के साथ मिलकर ऐसे गैराज संचालकों को निर्देश जारी करना चाहिए जो सड़क किनारे गाडियों को खड़ी कर देते हैं और इससे ट्रेफिक की समस्या पैदा होती है। गृहमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि पुलिस द्वारा की जाने वाली वाहन चेकिंग के दौरान ही वहीं पर आरटीओ का

भी कैंप लगवाएं ताकि बिना लाइसेंस वालों का वहीं पर लाइसेंस बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। गृहमंत्री श्री साहू ने कहा है कि वो पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसके लिए रायपुर में पुलिस पेट्रोल पंपों की संख्या बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं। इसके साथ ही गृहमंत्री ने जिले में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की भी बात कही है ताकि अपराध पर बेहतर तरीके से अंकुश लगाया जा सके।

बैठक में गृहमंत्री ने कहा है कि पुलिस अधिकारियो को स्कूल और कालेज में जाकर छात्रों को कानून और यातायात के प्रति जागरूक करना चाहिए ताकि वो दूसरों को भी जागरूक करें। गृहमंत्री ने पुलिस अधिकारियो को निर्देशित किया है कि नया रायपुर क्षेत्र की पुलिस को ज्यादा एक्टिव रहने की जरूरत है और यहां चारों तरफ से पुलिस गश्त को बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। गृहमंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को ये भी निर्देशित किया है कि वो महीने में कम से कम एक बार अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों से मिलें और उनसे सीधे बात करें ताकि कहीं कोई समस्या हो तो वो सामने आ सके और उसका निराकरण किया जा सके।

लाइसेंसी बंदूक धारकों के बारे में गृहमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा है कि एक बार सभी का परीक्षण करें और संबंधित के लिए आवश्यक महसूस ना होने पर इसके निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू करें। समीक्षा बैठक में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने रायपुर पुलिस की कार्यशैली पर विश्वास जताते हुए कहा है कि पुलिस ऐसा काम करती रहे जिससे अपराधियों के मन में पुलिस का भय हो और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति सम्मान और बढ़ता रहे।

सातवीं के स्टूडेंट ने की खुदकुशी,सदमें में दादी

जांजगीर-चांपा, 20 अगस्त 2022। जांजगीर-चांपा जिले में सातवीं कक्षा के छात्र ने आत्महत्या कर ली है। उसकी लाश स्कूल ड्रेस में फांसी के फंदे पर मिली। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस इसकी जांच कर रही हैं। यह मामला नैला उप थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी रीना कुजूर ने बताया कि, 12 साल का बेटा अनुभव शासकीय मिडिल स्कूल में कक्षा 7वीं में पढ़ता था। घर के सभी सदस्य काम पर निकल गए थे। लेकिन जब घर के लोग वापस लौटे तो बच्चे को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखकर दादी सदमे में आ गई। कुछ ही देर में जब घर के सभी सदस्य भी पहुंच गए। इस घटना को सुनकर आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हैं। नैला पुलिस के अलावा एएसपी अनिल सोनी भी वहां पहुंचकर शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। इस घटना के बाद से परिवार सदमे में हैं, जिसके कारण पुलिस उनका बयान नहीं ले पाई। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी गई है। नैला उपथाना प्रभारी रीना कुजूर का कहना है कि, बच्चे के दोस्तों और स्कूल में भी बातचीत की जाएगी, इसके बाद ही कुछ कह सकते है।

बिजली पोल में बांधकर युवकों को पीटने वाले 5 लोग गिरफ्तार

बिलासपुर, 20 अगस्त 2022। एक रौंगटे खड़े कर देने वाला वीडियों सामने आया है। यहां पर चोरी के शक में बिजली के पोल से बांधकर दो युवकों की बेल्ट और चप्पल से पिटाई का कर दी गई। बर्बरता से पिटाई का ये वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा हैं कि इस मामले में पिटाई करने वाले लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर 5 को गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना सीपत थाना क्षेत्र की है। सकरी थाना क्षेत्र के घुरु गोकुलधाम में रहने वाले 18 वर्षीय युवक राजकुमार सूर्यवंशी के रिश्तेदार सीपत क्षेत्र के ग्राम बसहा में रहते है। राजकुमार बुधवार की रात को अपने मित्र सतसागर धृतलहरे के साथ रिश्तेदार के घर जाने के लिए निकला था। रास्ते मे उनकी बाइक सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम डंगनिया से गुजरते वक्त में न रोड में खराब हो गई। वे बाइक चालू करने की कोशिश कर ही रहे थे कि तीन ग्रामीण वहां आ गए और गांव में

चोरी करने के लिए आकर आधी रात को खड़े रहने का आरोप लगा युवकों के साथ गाली गलौच करने लगे। युवकों के द्वारा विरोध करने पर उन्होंने गांव में चोर आने का शोर मचा कर अन्य गांव वालों को बुला लिया।

गांव वालों के आने पर सभी ने मिल कर युवकों के साथ मारपीट शुरू कर दी। दोनों युवकों को खम्भे से बांधकर बेल्ट व चपल्लों से पिटाई करने लगे। पुलिस को किसी के द्वारा जानकारी देने पर पुलिस टीम के द्वारा मौके पर पहुँच कर युवकों को छुड़वाया गया। युवकों ने पुलिस को अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत दी। पुलिस ने पहले तो साधारण धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर खानापूर्ति कर लिया था। पर मारपीट का वीडियो किसी ने बना कर वायरल कर दिया। जिसके बाद हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने गांव में पतासाजी कर डंगनिया गांव के सुमित वस्त्रकार(32) निवासी खैरा, सोनू उर्फ सुशील कश्यप(25) निवासी डंगनिया पिंटू उर्फ अरविंद वस्त्रकार(20) निवासी डंगनिया, विजेन्द्र कश्यप उर्फ लाला(26) निवासी डंगनिया, धीरज यादव(25) निवासी डंगनिया को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटा रही हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)